शनिवार, 20 सितम्बर 2025

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 34 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 5:24 | सूर्यास्त: 17:37 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आश्विन कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



उम्मीद नहीं थी कि सत्र का अंत ऐसा होगा, लेकिन दमदार वापसी करूंगा: नीरज चोपड़ा पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : समस्या कैसी भी हो चिंता से नहीं प्रयास से खत्म होती है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# मणिपुर के बिष्णुपुर में असम राइफल्स के वाहन पर हमला, दो जवानों की मौत

**इंफाल :** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में हथियारबंद लोगों के एक समूह ने शुक्रवार शाम असम राइफल्स के वाहन पर घात लगाकर हमला कर दिया, जिसमें अर्धसैनिक बल के दो जवानों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के नांबोल सबल लेइकाई इलाके में शाम करीब पांच बजकर 50 मिनट पर हुई। उन्होंने बताया कि फिलहाल किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। एक अधिकारी ने बताया, बंदूकधारियों के एक समूह ने उस वाहन पर घात लगाकर हमला किया, जिससे असम राइफल्स के जवान इंफाल से बिष्णुपुर जिले की ओर जा रहे थे। हमले में दो जवानों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-



भाषा' को बताया कि घायल जवानों को रिम्स ले आया गया। रक्षा विभाग की ओर से जारी बयान के मुताबिक, मणिपुर के गैर-अधिसूचित क्षेत्र में राजमार्ग पर अज्ञात आतंकवादियों ने (असम राइफल्स) की टुकड़ी पर घात लगाकर हमला किया। हमले में असम राइफल्स के दो जवान शहीद हो गए और पांच अन्य घायल हो गए, जिन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। घटना में शामिल आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान जारी है। अधिकारियों के अनुसार, हमले में मारे गए जवानों की पहचान नायक



रंजीत सिंह कश्यप



श्याम गुरुंग

सूबेदार श्याम गुरुंग और राइफलमैन रंजीत सिंह कश्यप के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल राजधानी इंफाल से लगभग 16 किलोमीटर दूर है और पुलिस एवं फॉरेंसिक कर्मियों ने वहां से कई खाली कारतूस बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं, जबकि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए आसपास के इलाकों में तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। घायल जवान एन नोंगथॉन ने संवाददाताओं को बताया, करीब चार से पांच हमलावरों ने अचानक हम पर गोलीबारी शुरू कर दी। हमने तुरंत जवाबी कार्रवाई नहीं की, क्योंकि इससे आम लोग घायल हो सकते थे, क्योंकि यह कोई सुनसान इलाका नहीं था।

## आज से लगातार चार दिन तक मुख्यमंत्री करेंगी पूजा मंडप का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पिछले कुछ वर्षों से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महालया से पहले पूजा का उद्घाटन करती आ रही हैं। इस वर्ष भी कोई अपवाद नहीं है। मुख्यमंत्री शनिवार से शहर की प्रसिद्ध पूजाओं का उद्घाटन करेंगी। ममता बनर्जी लगातार चार दिनों तक विभिन्न मंडपों में दीप प्रज्वलित करेंगी। इस वर्ष मुख्यमंत्री का पूजा कार्यक्रम शनिवार की दोपहर श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब के उद्घाटन के साथ शुरू होगा। फिर, 21 सितंबर को, यानी महालया के दिन, वह दोपहर में 'जय बांग्ला' कार्यक्रम के लिए नजरुल मंच में शामिल होंगी। वहां से, वह सीधे एक के बाद एक पूजा का उद्घाटन करेंगी। रविवार को नाकतला उदयन संघ, 95 पल्ली, जोधपुर पार्क, बाबूबागान और चेतला अग्रणी का उद्घाटन किया जाएगा। 22 सितंबर को ममता अलीपुर सार्वजनिन, चेतला



कोलाहल गोष्ठी, बेहाला नोतुन दल, बारिशा, हरिदेवपुर 41 पल्ली, अजेय समहती, बासुपुर तालबागान, बासुपुर शीतला मंदिर, गरियाहाट हिंदुस्तान क्लब और कालीघाट मिलन संघ का दौरा करेंगी। 23 सितंबर को यह सूची और भी लंबी है। मुख्यमंत्री मुदियाली, शिव मंदिर, समाज सेबी, बालीगंज सांस्कृतिक, त्रिधारा, 66 पल्ली, बादामतला, आदि बालीगंज, एकडालिया और सिंघी पार्क के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित रहेंगी।

## उम्मीद है कि सऊदी अरब पारस्परिक हितों, संवेदनशीलता को ध्यान में रखेगा: विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह उम्मीद करता है कि सऊदी अरब, पाकिस्तान के साथ अपने रणनीतिक रक्षा समझौते के मद्देनजर ''पारस्परिक हितों और संवेदनशीलता'' को ध्यान में रखेगा। समझौते में कहा गया है कि ''दोनों देशों (सऊदी अरब और पाकिस्तान) में से किसी पर भी हमले को दोनों के विरुद्ध आक्रमण माना जाएगा।'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत और सऊदी अरब के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी है जो पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगाढ़ हुई है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि हमारी रणनीतिक साझेदारी पारस्परिक हितों और संवेदनशीलता को ध्यान में रखेगी।

## उत्तराखंड: आपदा में मलबे तले दबे मिले मां और जुड़वा बेटे

**कुंतरी लगा फाली :** उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र स्थित कुंतरी लगा फाली गांव में दिल दहला देने वाला दृश्य सामने आया। भारी बारिश से आई आपदा में कुंवर सिंह का मकान मलबे में दब गया। बचावकर्मियों ने 32 घंटे की मशक्कत के बाद अंदर पहुंचकर पाया कि उनकी पत्नी कांता देवी (38) दोनों हाथों में अपने जुड़वा बेटों-विकास और विशाल (10) को पकड़े हुई थीं। मां-बेटों के शव बाहर निकालते ही माहौल गमगीन हो गया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हुई, कई घर नष्ट हो गए और गांव की सड़कें मलबे से पट गईं। चारों ओर मातम और सन्नाटा पसर गया, ग्रामीणों की आंखें नम रहीं।



पीएम मोदी ने कदंब के पौधे को अपने आवास पर लगाया, किंग चार्ल्स ने किया था गिफ्ट

## यासीन मलिक का सनसनीखेज़ दावा, मनमोहन सिंह ने हाफिज सईद वार्ता की सराहना की

**नई दिल्ली :** कश्मीरी अलगाव-वादी नेता यासिन मलिक ने अपने ताजा हलफनामे में कई सनसनीखेज दावे किए हैं। मलिक ने दावा किया है कि पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा सरगना और 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद से उनकी मुलाकात भारतीय खुफिया एजेंसी आईबी के इसारे पर कराई गई थी। उन्होंने आगे दावा किया कि जब वे इस मुलाकात के बाद भारत लौटे और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को इसकी जानकारी दी, तो मनमोहन सिंह ने उन्हें धन्यवाद और बधाई दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट में दायर 85 पन्नों के हलफनामे में यासिन मलिक ने दावा किया है कि उन्होंने 1994 में सशस्त्र संघर्ष छोड़ने और संघर्षविराम की घोषणा के बाद लगातार भारत सरकार के साथ संवाद बनाए रखा। उन्होंने दावा किया है कि साल 2005 के बाद जब उन्हें पाकिस्तान जाकर भूकंप पीड़ितों की मदद के बहाने वहां के कट्टरपंथी और आतंकवादी संगठनों के नेताओं से मिलने को कहा गया, तब उन्होंने आईबी के विशेष निदेशक वीके जोशी के आग्रह पर यह मुलाकात की। इसमें हाफिज सईद भी शामिल था।



### 'दिल्ली लौटते ही बधाई दी'

यासिन मलिक ने आगे दावा किया कि हाफिज सईद से इस मुलाकात से लौटने के बाद उन्होंने उसी शाम पीएम मनमोहन सिंह से मुलाकात की और पूरी जानकारी दी। उनके अनुसार, 'मनमोहन सिंह ने मेरी मेहनत, धैर्य और लगन के लिए मुझे आभार जताया और बधाई दी। लेकिन बाद में इसी मुलाकात को मेरे खिलाफ अलग तरह से पेश किया गया।' मलिक ने अपने हलफनामे में यह भी कहा है कि उनके साथ हुई बैठकों में न सिर्फ मनमोहन सिंह, बल्कि अटल बिहारी वाजपेयी, पीवी नरसिम्हा राव, राजेश पायलट जैसे नेता, एनएसए ब्रजेश मिश्रा, पूर्व आईबी निदेशक श्यामल दत्त जैसे नाम भी शामिल थे। उनका दावा है कि हर सरकार ने उनके संघर्षविराम समझौते का सम्मान किया और उन पर दर्ज 32 मामलों को आगे नहीं बढ़ाया गया।

## असम के लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग की सिंगापुर में 'स्कूबा डाइविंग' के दौरान मौत

**गुवाहाटी :** '...या अली' और 'जाने क्या चाहे मन बावरा...' जैसे प्रसिद्ध बॉलीवुड गानों को अपनी आवाज देने वाले और युवा दिलों की धड़कन जुबिन गर्ग की शुक्रवार को सिंगापुर में 'स्कूबा डाइविंग' के दौरान मौत हो गई। दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश सिंगापुर में एक महोत्सव के आयोजकों ने यह जानकारी दी। वह 52 वर्ष के थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी हैं। 'स्कूबा डाइविंग' के दौरान गर्ग को चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वह तीन दिवसीय 'नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल' में भाग लेने के लिए सिंगापुर गए थे। 'नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल' के आयोजकों द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, ''हमें बेहद दुख के साथ जुबिन गर्ग के निधन की खबर बतानी पड़ रही है। 'स्कूबा डाइविंग' करते समय उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई और उन्हें तुरंत सीपीआर दिया गया और इसके बाद उन्हें सिंगापुर जनरल अस्प-ताल ले जाया गया। उन्हें बचाने के तमाम प्रयासों के बावजूद, अपराह्न लगभग दो बजकर 30 मिनट पर आईसीयू में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।'' गर्ग के कुछ अन्य लोकप्रिय गीत हैं 'अनामिका' (उनके पहले असमिया एल्बम में प्रदर्शित), 'मोनोर निजानोट', 'माया', 'आशा' और 'माजुलिर ईजोनी सुवाली'। उन्होंने अन्य भारतीय भाषाओं में गाने के अलावा कई बांग्ला गीतों को भी अपनी आवाज दी थी।



### प्रधानमंत्री मोदी ने गायक जुबिन गर्ग की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को असम के लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, ''लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग के आकस्मिक निधन से स्तब्ध हूं। उन्हें संगीत में उनके समृद्ध योगदान के लिए याद किया जायेगा।''

### मुख्यमंत्री ममता ने गायक जुबिन गर्ग के निधन पर शोक व्यक्त किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग को अपना 'भाई' बताते हुए उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। ममता ने सिंगापुर में एक दुर्घटना में जान गंवाने वाले 52 वर्षीय गायक को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री बनर्जी 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि मेरे प्यारे भाई जुबिन हम तुम्हें, तुम्हारी मधुर आवाज और तुम्हारे अदम्य साहस को हमेशा याद करेंगे। संगीत हमें लड़ना, घावों को भरना और विश्वास रखना सिखाता है। तुम्हारे गीत तुम्हारी विरासत हैं और हमेशा अमर रहेंगे।

## सोशल मीडिया पोस्ट हटाने, माफी मांग लेने का यह मतलब नहीं कि मामला रद्द किया जा सकता है: उच्च न्यायालय

**मुंबई :** मुंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट के लिए 19 वर्षीय छात्रा के खिलाफ मामला केवल इस आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता कि उसने पोस्ट हटा दिया है और इसके लिए माफी मांग ली है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि आरोपी एक ''मेधावी छात्रा'' है और उसने अपनी परीक्षाएं ''अच्छे अंकों'' से उत्तीर्ण की है, इसका मतलब यह नहीं है कि उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द की जा सकती है। अदालत पुणे की एक छात्रा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाकिस्तान शत्रुता पर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए मई में उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया गया था। उसे गिरफ्तार किया गया था लेकिन बाद में उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद उसे रिहा कर दिया गया था। शुक्रवार को छात्रा के वकील ने अदालत को बताया कि जमानत मिलने के बाद, वह परीक्षा में शामिल हुई और उसे अच्छे अंक मिले। हालांकि, पीठ ने कहा कि इसलिए कि वह एक मेधावी छात्रा है, प्राथमिकी रद्द करने का आधार नहीं हो सकता। छात्रा के वकील ने दलील दी कि पोस्ट के पीछे उसकी कोई बुरी मंशा नहीं थी और उसने तुरंत इसे हटा दिया और माफी मांग ली। हालांकि, अदालत ने कहा कि (पोस्ट को) हटाने से मामला और भी गंभीर और जटिल हो गया है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद निर्धारित की और सरकारी वकील मनखुवर देशमुख को 'केस डायरी' पेश करने का निर्देश दिया।

## जापान की आरएंडआई ने भारत की साख रेटिंग बढ़ाकर 'बीबीबी+' की

**नयी दिल्ली :** जापान की रेटिंग एंड इन्वेस्टमेंट इन्फॉरमेशन इंक. (आरएंडआई) ने भारत की दीर्घकालिक सरकारी साख रेटिंग को 'बीबीबी' से बढ़ाकर 'बीबीबी+' करने के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के 'स्थिर' परिदृश्य को बरकरार रखा है। इस साल किसी साख रेटिंग एजेंसी की तरफ से भारत की रेटिंग को तीसरी बार बढ़ाया गया है। इससे पहले एसएंडपी ने अगस्त 2025 में भारत की रेटिंग को बढ़ाकर 'बीबीबी' और मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस ने मई 2025 में 'बीबीबी' किया था। रेटिंग एजेंसी आरएंडआई की शुक्रवार को प्रकाशित भारत सरकारी साख समीक्षा के मुताबिक, यह रेटिंग दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में भारत की स्थिति से समर्थित है। रिपोर्ट कहती है कि भारत की बढ़ी हुई रेटिंग इसके जनसांख्यिकीय लाभांश, मजबूत घरेलू मांग और ठोस सरकारी नीतियों पर आधारित है। आरएंडआई ने अपनी रिपोर्ट में सरकार की राजकोषीय स्थिति में हुई प्रगति का उल्लेख किया, जो उच्च वृद्धि के साथ ही कर राजस्व में वृद्धि, सब्सिडी को तर्कसंगत बनाने और ऋण के प्रबंधनीय स्तर से प्रेरित है।

## हिंदी फिल्म 'होमबाउंड' ऑस्कर के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि बनी

**कोलकाता :** हिंदी फिल्म 'होमबाउंड' को 2026 अकादमी पुरस्कारों के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया है। चयन समिति के अध्यक्ष एन. चंद्रा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कोलकाता में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चंद्रा ने कहा कि विभिन्न भाषाओं की कुल 24 फिल्में ऑस्कर में देश का प्रतिनिधित्व करने की दौड़ में थीं। उन्होंने कहा, यह बहुत मुश्किल चुनाव था। ये ऐसी फिल्में थीं जिन्होंने लोगों के जीवन को छुआ। उन्होंने कहा, हम जज नहीं, बल्कि कोच थे। हम ऐसे खिलाड़ियों की तलाश कर रहे थे जिन्होंने अपनी छाप छोड़ी हो। इस 12 सदस्यीय चयन समिति में निर्माता, निर्देशक, लेखक, संपादक और पत्रकार शामिल थे। नीरज घायवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर और अदार पूनावाला द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## दुनिया को संघर्ष शुरू और खत्म करने के बारे में भारत से सबक लेना चाहिए: वायुसेना प्रमुख

**नयी दिल्ली :** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया को भारत से यह सबक सीखना चाहिए कि किसी संघर्ष को कैसे शुरू किया जाए और उसे यथाशीघ्र कैसे समाप्त किया जाए। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत की ओर से स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जाने की बात को रेखांकित किया। एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में वायु सेना प्रमुख ने कहा कि सेना को 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए पूरी स्वतंत्रता दी गई थी और राजनीतिक नेतृत्व ने उस पर कोई पाबंदी नहीं लगाई गई थी। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि 7-10 मई को पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष के दौरान वायु शक्ति की उत्कृष्टता प्रदर्शित हुई थी। उन्होंने कहा कि एस-400 मिसाइल प्रणाली बाजी पलटने वाली साबित हुई, क्योंकि इस हथियार का दायरा और ताकत



को देखते हुए दुश्मन घबरा गया था। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा, उसकी (पाकिस्तान) कई सैन्य सुविधाएं, रडार, नियंत्रण एवं समन्वय केंद्र, हैंगर, विमान, सभी को भारी नुकसान हुआ। वायु सेना प्रमुख ने 2019 के बालाकोट हवाई हमलों की प्रभावशीलता का सबूत मांगने वालों पर निशाना साधते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान को हुए नुकसान का कुछ ग्राफिक विवरण दिखाया। एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि दुनियाभर में लंबे समय से चल रहे अनेक युद्धों की पृष्ठभूमि में संघर्ष समाप्ति इस अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू था। उन्होंने इस विचार को भी खारिज कर दिया कि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य अभियान जारी रखना चाहिए था। वायु सेना प्रमुख ने कहा, हमने लोगों को यह कहते हुए सुना कि हमें थोड़ा और प्रयास करना चाहिए था। हमने युद्ध बहुत जल्दी रोक दिया। हां, वे (पाकिस्तान) पीछे हट गए थे, इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन हमारा उद्देश्य क्या था? हमारा उद्देश्य आतंकवाद विरोधी था। उन्होंने कहा, हमें उन पर हमला करना ही था। हमने ऐसा किया भी। इसलिए अगर हमारे उद्देश्य पूरे हो गए, तो फिर हमें संघर्ष क्यों नहीं समाप्त करना चाहिए? हमें संघर्ष क्यों जारी रखना चाहिए? क्योंकि किसी भी संघर्ष की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि इस अभियान के जारी रहने से अगले अभियान के लिए हमारी तैयारियों पर असर पड़ सकता था। उन्होंने कहा, इससे हमारी अर्थव्यवस्था प्रभावित होती। इसका असर देश की सामान्य प्रगति पर भी पड़ता। रूस-यूक्रेन युद्ध सहित विभिन्न मौजूदा संघर्षों का हवाला देते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि जब युद्ध शुरू होता है, तो दुनिया अपने उद्देश्यों को भूल जाती है। उन्होंने कहा, अब उनका उद्देश्य बदल रहा है। अहंकार बीच में आ रहा है। और यहीं पर मुझे लगता है कि दुनिया को भारत से यह सबक सीखना चाहिए कि किसी संघर्ष को कैसे शुरू किया जाए और उसे यथाशीघ्र कैसे समाप्त किया जाए।



## किसानों को प्रोत्साहन व्यवहार्य विकल्प

निर्विवाद रूप से पर्यावरण प्रदूषण देश के सामने एक बड़ा संकट है। लाखों लोगों के जीवन पर इससे संकट के बादल मंडराते हैं। शीत ऋतु की दस्तक के साथ राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की काली छाया के बीच अक्सर इस संकट के मूल में निकटवर्ती राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं को जिम्मेदार बताने की कवायद हर साल होती है। इस बार भी पंजाब में धान की खरीद शुरू होने के बाद विभिन्न हितधारकों का ध्यान एक मौसमी समस्या पराली जलाने की ओर आकर्षित हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से उस कुप्रथा में लिप्त कुछ किसानों को गिरफ्तार करने के बारे में निर्णय लेने को कहा है, जिसे हर साल अक्तूबर-नवंबर में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण बताया जाता है। वैसे न्यायालय ने इस बात को स्वीकार किया है कि 'हमारे लिये किसान विशेष हैं और हम उनकी बदौलत ही भोजन प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही अपनी खाद्य शृंखला को मजबूत कर रहे हैं।' लेकिन वहीं दूसरी ओर शीर्ष अदालत ने राज्य से पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में कड़ा संदेश देने के लिये दंडात्मक प्रावधान लागू करने का भी आग्रह किया है। निर्विवाद रूप से देश में पंजाब और हरियाणा, जो कि खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी राज्य भी हैं, पराली जलाने से रोकने के लिये विगत में कभी-कभी किसानों को जेल में भी डालते रहे हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि यह कठोर कदम व्यावहारिक धरातल में एक प्रभावी निवारक साबित नहीं हो सका है। हमें इस बात की भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि पिछले कुछ वर्षों में हुई गिरफ्तारियों और भारी जुर्माने ने इस क्षेत्र के कृषक समुदाय के गुस्से को भड़काया ही है। जिसने केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ आवाज उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। वैसे एक हकीकत यह भी है कि सत्ताधीशों के लिये किसानों पर आपराधिक मुकदम चलाना राजनीतिक दृष्टि से एक जोखिम भरा कदम माना जाता है।

निस्संदेह, इन राज्यों में किसान अब एक प्रभावशाली वोट बैंक बन चुके हैं। खासकर पंजाब में किसानों की जागरूकता सत्ताधीशों पर दबाव बनाने में कामयाब हो जाती है। सर्वविदित है कि देश के सीमावर्ती राज्य पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ के दौरान धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में किसानों के खिलाफ कोई सख्त कदम उठाना संवेदनशीलता की दृष्टि से उचित भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए अधिकारी किसी संभावित आक्रोश से बचने के लिये दंडात्मक कार्रवाई से बचने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे में वे कोई सुरक्षित रुख अपना सकते हैं। निस्संदेह, किसी ऐसी सख्त कार्रवाई से पहले ही प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे किसानों की स्थिति और बिगड़ सकती है। ऐसे हालात में किसानों से टकराव की बजाय सहयोग को प्राथमिकता बनाना तार्किक कहा जा सकता है। आर्थिक विकल्प, दंड से बेहतर काम करेगा। दूसरी ओर किसानों को पराली के प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। हम उन्हें सशक्त बनाकर इस संकट का तार्किक समाधान निकाल सकते हैं। सरकार प्रयास करे कि पराली का उपयोग उद्योगों द्वारा जैव ईंधन के रूप में एक उत्पादक विकल्प के तरह किया जाए। हमारे देश के ऊर्जा उत्पादन में बायोमास के उपयोग को बढ़ावा देने से जमीनी स्तर पर बदलाव लाया जा सकता है। पराली आधारित बॉयलरों को अपनाने वाले उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिये पूंजीगत सब्सिडी सराहनीय पहल बन सकती है। सर्दियों में भीषण ठंड से बचने के लिये पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की भलाई सुनिश्चित करने वाले पर्यावरण अनुकूल कदम उठाना भी जरूरी है। साथ ही पराली का निस्तारण करने वाली मशीनों की खरीद के लिये किसानों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। मशीनों की खरीद में सब्सिडी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सहकारिता के आधार पर इनके उपयोग से भी सार्थक परिणाम मिल सकते हैं। इस दिशा में किसानों को जागरूक करने के लिये अभियान चलाए जाने जरूरी हैं। उन्हें बताया जाना चाहिए कि खेत में पराली जलाने से जहां खेतों की उर्वरता पर प्रतिकूल असर पड़ता है, वहीं इससे उठने वाला धुआं उनके व परिवार के लिये भी घातक है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 20 सितम्बर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 24:19 तक, नक्षत्र : मघा, 08:03 तक, योग : साध्य, 20:01 तक, सूर्योदय: 5:24, सूर्यास्त: 17:37, चन्द्रोदय : 03:53, चन्द्रास्त: 16:45, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 08:29 से 09:59

## राशिफल

**मेष :** व्यापार के मामले में नए संपर्क बनाने से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है और भाग्य भी आपका साथ देने लगेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष :** कारोबार के मामले में दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहने वाला है। किसी बात को लेकर आपका मन अशांत रह सकता है। लेकिन कोई भी निर्णय जल्दबाजी या भावुकता में लेने से बचें।

**मिथुन :** व्यवसाय के क्षेत्र में आपको लाभ प्राप्त होने की संभावना बनी हुई है। अगर नौकरी और व्यापार के मामले में कुछ समस्याओं का सामना कर रहे थे तो अब उनका समाधान मिल सकता है।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। लेकिन उनकी बातों पर आपको ध्यान देने से बचना होगा। नौकरी करने वालों का दिन भी अनुकूल रहेगा।

**सिंह :** नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है, अन्यथा वे आपके खिलाफ कोई योजना बना सकते हैं। इससे आपके कार्यों में भी बाधाएं आ सकती हैं।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में आपको सोच-समझकर सही निर्णय लेने से लाभ मिलेगा। इसी के चलते आपका मन भी प्रसन्न रहेगा और आप रचनात्मक कार्यों में ज्यादा रुचि दिखा सकते हैं।

**तुला :** कार्यस्थल पर अपने पद और अधिकारों को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। वहीं, कुछ समस्याओं का हल न मिल पाने के कारण भी मन अशांत रहेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं।

**वृश्चिक :** यह दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप कुछ विशेष काम करने या योजना बनाने में लगे रह सकते हैं। अधिकारी वर्ग से आपका मेलजोल बढ़ेगा।

**धनु :** आर्थिक मामलों में दिन बेहतरीन रहने वाला है। अगर आपका धन लंबे समय से कहीं अटका हुआ था तो अब वह अचानक से आपको वापस मिल सकता है। इसी के चलते मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर :** कार्यक्षेत्र में आपको सतर्क रहने की जरूरत है, अन्यथा वरिष्ठ अधिकारियों से किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। ऐसे में अपनी वाणी पर संयम रखना जरूरी होगा।

**कुम्भ :** यह दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। व्यापार के क्षेत्र में आपको सफलता प्राप्त होगी। वहीं, वाहन या भूमि खरीदने का भी शुभ संयोग बन रहा है। नौकरी करने वालों के अधिकार बढ़ेंगे।

**मीन :** शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों की किसी प्रतियोगिता में जीत हो सकती है। लेकिन इसके लिए आपको प्रयास करने होंगे। कार्यक्षेत्र में कोई खास उपलब्धि प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा।

# मोदी जी के साथ निकट अनुभव: नेतृत्व, प्रबंधन और कार्यान्वयन की अनोखी शैली



हसमुख अधिया

मैंने नरेंद्र मोदीजी के अधीन दो दशकों तक केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न स्तरों पर एक सिविल सेवक के रूप में काम किया है। लेकिन उनके साथ मेरा सबसे करीबी कार्य अनुभव तब रहा, जब मैंने गुजरात में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में सीधे उनके कार्यालय में दो साल - वर्ष 2004 से 2006 तक - काम किया। उनकी व्यापक दूरदर्शिता और भविष्य को देख पाने की क्षमता के बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन उनके कार्यान्वयन की कला और मंत्रियों व नौकरशाहों की एक बड़ी टीम से काम करवाने की उनकी क्षमता के बारे में कम ही लोग जानते हैं। प्रबंधन के एक छात्र के रूप में, मैंने इसे करीब से देखा है। मैंने पाया कि प्रबंधन के औपचारिक अध्ययन के बिना भी उन्होंने अपने नेतृत्व में प्रबंधन के कुछ सर्वोत्तम सिद्धांतों का सहज रूप से उपयोग किया है।

सबसे पहले आती है, उपयुक्त कार्य के लिए बिल्कुल सही व्यक्ति की पहचान करने की उनकी क्षमता। उनमें किसी भी व्यक्ति में छिपी प्रतिभा को पहचानने की स्वाभाविक क्षमता है और वे ऐसे व्यक्ति को उच्च-स्तरीय पद के लिए चुन लेते हैं। इस प्रक्रिया में वे शायद ही कभी गलत हुए हों। किसी भी पद के लिए सही व्यक्ति का चयन करने के बाद, उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को कार्यकाल की स्थिरता प्रदान की, जो शासन के लिए अत्यंत आवश्यक है।

फिर बारी आती है उनकी हर मुद्दे की बारीकियों और विस्तार में जाने की आदत की। किसी भी मीटिंग में उनके सामने दी गई सभी प्रेजेंटेशन को वह धैर्यपूर्वक सुनते हैं। फिर विषय को समझने के लिए वह सही सवाल पूछते हैं। इसके बाद वह कुछ अनोखे वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं जो प्रतिभागियों को सुखद आश्चर्य से भर देते हैं। वे सभी आश्चर्य करते हैं कि ये बातें उन्हें पहले क्यों नहीं सूझीं। मैंने उन्हें अपने कुछ भविष्यवादी विचारों से शीर्ष सलाहकारों को भी चौंकाते देखा है, जिन्होंने इनके बारे में कभी सोचा भी नहीं होता।

मोदी जी भारत सरकार के हर मंत्रालय की समीक्षा बैठकें करते रहते हैं, चाहे वह खेल मंत्रालय हो, आयुष मंत्रालय हो या सामाजिक न्याय मंत्रालय। ये समीक्षा बैठकें विभागों को हर समय बिल्कुल सक्रिय रखती हैं। मैंने 2014 से 2018 तक वित्त मंत्रालय में अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान देखा कि उन्होंने उन चार वर्षों के दौरान प्रत्येक मंत्रालय के काम की एक से ज़्यादा बार समीक्षा की।

मोदी जी एक बेहतरीन वक्ता हैं, यह बात तो सभी जानते हैं। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जटिल विचारों को नौकरशाहों या मंत्रियों के समूह तक संप्रेषित कर पाने की उनकी क्षमता भी लाजवाब है। वे अपनी बात को सरल शब्दों और उदाहरणों से समझाते हैं।



मोदी जी से जो भी व्यक्तिगत रूप से मिलता है, वह उनकी सुनने की क्षमता से हमेशा प्रभावित होता है। चाहे आप उनसे दस मिनट के लिए मिलें या एक घंटे के लिए, वे आपकी आँखों में देखकर बात करेंगे, कभी भी इधर-उधर देखकर आपको यह एहसास नहीं करवाएंगे कि वे व्यस्त हैं। इतने काम के बोझ तले दबे व्यक्ति के लिए यह एक अद्भुत गुण है। उनके कार्यालय में उनकी मेज पर कागज़ का एक टुकड़ा भी नहीं पड़ा होता। अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने और वर्तमान में जीने की उनकी क्षमता अद्भुत है।

उनसे मिलने वाला हर व्यक्ति उनकी इतनी तेज़ याददाश्त देखकर दंग रह जाता है कि उन्हें उसका नाम और उसके साथ पहले कभी हुआ संवाद भी याद है। किसी को उसके नाम से पुकारने की उनकी यह कला लोगों को तुरंत ही अपना बना लेती है।

एक बार मैंने उनसे पूछा था कि उन्हें इतने सारे नाम कैसे याद रहते हैं। उन्होंने साफ़-साफ़ कहा कि अगर अब वे नाम याद करने की कोशिश करें तो उन्हें 50 नाम भी याद नहीं आएँगे। लेकिन जब वे किसी का चेहरा देखते हैं, तो उसका नाम तुरंत ही उनके दिमाग में उभर आता है। उन्होंने माना कि यह उन्हें ईश्वर का एक वरदान है।

कई बैठकों में उनके साथ हुई मेरी बातचीत में, मैंने उन्हें कभी भी अपनी आवाज़ ऊँची करते या किसी व्यक्ति को डाँटते नहीं देखा। जब चीज़ें उम्मीद के मुताबिक़ आगे नहीं बढ़तीं, तो कभी-कभी वे बिना किसी व्यक्ति विशेष का नाम लिए, लोगों के पूरे समूह पर अपनी निराशा ज़रूर व्यक्त कर सकते हैं।

मोदी जी हमेशा ही बहुत से लोगों की पहुँच में रहते हैं। इससे उन्हें कई दृष्टिकोणों को समझने का अवसर मिलता है। वे अपने आस-पास के लोगों के किसी छोटे से समूह तक ही सीमित नहीं रहते। इसलिए किसी के लिए भी उन्हें गुमराह करना मुश्किल है।

उनके कार्यालय में प्रधान सचिव के पद पर कार्यरत होने के नाते, वे हमें कामों की एक लंबी सूची थमा देते थे। उनके साथ आधे घंटे की एक बैठक में ही हमारी डायरी में 'करने वाले कार्य' सूची के दो पन्ने भर जाते थे। उनके निर्देश नोट करने के बावजूद, कभी-कभी हम उन्हें रिपोर्ट करना भूल जाते थे। लेकिन वे नहीं भूलते थे। वे हमें फिर से याद दिलाते। उनका तीसरा रिमाइंडर भी इतना विनम्र होता - हसमुख भाई, फलां चीज़ पर कुछ हुआ? इतने सौम्य तरीके से इशारा दिए जाने पर हम तुरंत ही अपने काम पर लग जाते थे। बिना गुस्सा या अधीरता दिखाए, कार्यान्वयन की यह उनकी कला है।

**-लेखक एक आईएएस अधिकारी हैं, जो भारत के वित्त एवं राजस्व सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं**

समीक्षा व्यापार

# आईफोन 17 की बिक्री के पहले दिन दिखा युवा खरीदारों में भारी उत्साह



**नयी दिल्ली:** अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल का नवीनतम फोन मॉडल 'आईफोन 17' की शुक्रवार को भारत में बिक्री शुरू हो गई। इस फोन को खरीदने के लिए देश के तमाम बड़े शहरों में सुबह से ही भारी भीड़ देखी गई। उत्साहित ग्राहकों ने स्टोर खुलने से कई घंटे पहले कतारें लगा दीं और कुछ लोग रातभर इंतजार करते रहे। एप्पल ने हाल ही में आईफोन 17 को वैश्विक स्तर पर पेश किया था। आईफोन 17 के शुरुआती मॉडल की कीमत भारत में 82,900 रुपये से शुरू होकर 2,29,900 रुपये तक है। अमेरिका में यह 799 डॉलर से 1,999 डॉलर की कीमत पर उपलब्ध है। भारत में दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे महानगरों में इस नवीनतम फोन को लेकर ग्राहकों के बीच खासा उत्साह देखा गया। इसे खरीदने के लिए लोग एप्पल स्टोर के बाहर लंबी कतारों में खड़े रहे। एप्पल के उत्पादों की बिक्री करने वाले विक्रेताओं ने शुरुआती दिन रिकॉर्ड संख्या में ग्राहकों के आने की बात कही। दिल्ली के साकेत सिटीवॉक मॉल स्थित एप्पल स्टोर के बाहर लंबी कतारों में युवा खरीदारों की मौजूदगी देखी गई। बेंगलुरु के मॉल ऑफ एशिया में हाल ही में खुले एप्पल हेब्बल स्टोर और मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में भी भारी भीड़ उमड़ी। मुंबई में सुबह छह बजे के करीब कतार में घुसने को लेकर कुछ ग्राहकों के बीच झगड़े की स्थिति भी पैदा हो गई। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरह स्थिति को संभाला। हालांकि सुबह आठ बजे स्टोर खुलने के बाद बिक्री सुचारु रूप से चली। लंबे इंतजार के बाद नया आईफोन मिलने की खुशी अमन मेमन के चेहरे पर भी नजर आई। एक साथ तीन फोन खरीदने वाले मेमन ने कहा, हर साल मैं नवीनतम मॉडल खरीदने के लिए तड़के तीन बजे से ही कतार में लग जाता हूं। मैं नया मॉडल आने का पिछले छह महीनों से इंतजार कर रहा था।

## शेयर बाजार में तीन दिनों की तेजी थमी; सेंसेक्स 387 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई:** प्रमुख कंपनियों एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में मुनाफावसूली होने के कारण स्थानीय शेयर बाजार में तीन दिनों से चली आ रही तेजी शुक्रवार को थम गई। सेंसेक्स 387 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 96 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 387.73 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,626.23 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 528.04 अंक गिरकर 82,485.92 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 96.55 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 25,327.05 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक में सबसे अधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, एसबीआई, एनटीपीसी और सन फार्मा के शेयर लाभ में रहे। कारोबार के दौरान अदाणी समूह की कंपनियों में खासी तेजी देखी गई। दरअसल उद्योगपति गौतम अदाणी और उनकी अगुवाई वाले अदाणी समूह को बाजार नियामक सेबी द्वारा शेयर हेराफेरी के आरोपों में क्लीन चिट दिए जाने के बाद समूह की सभी कंपनियों में उछाल दर्ज की गई।

### भारत, न्यूजीलैंड के बीच अगले दौर की व्यापार वार्ता अक्टूबर में

**नयी दिल्ली:** भारत और न्यूजीलैंड प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए अगले दौर की वार्ता 13-14 अक्टूबर को करेंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए तीसरे दौर की वार्ता 19 सितंबर को न्यूजीलैंड के क्वीन्सटाउन में संपन्न हुई। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, 'दोनों पक्ष बातचीत के माध्यम से गति बनाए रखने पर सहमत हुए। अगले दौर की बातचीत 13-14 अक्टूबर, 2025 को नयी दिल्ली में होगी।'

## अदाणी समूह का बाजार पूंजीकरण एक ही दिन में 69,000 करोड़ रुपये उछला

**नयी दिल्ली:** सेबी की तरफ से क्लीन चिट मिलने के बाद अदाणी समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में शुक्रवार को खासी तेजी रही। इससे संयुक्त रूप से बाजार पूंजीकरण में 69,000 करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के लगाए आरोपों पर अदाणी समूह और उसके चेयरमैन गौतम अदाणी को क्लीन चिट दे दिया है। इस सकारात्मक घटनाक्रम का समूह की सभी कंपनियों के शेयरों पर अनुकूल असर देखने को मिला। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, अदाणी पावर 12.40 प्रतिशत की उछाल के साथ सबसे आगे रही। कारोबार के दौरान इसका शेयर अपने 52-सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गया। अदाणी टोटल गैस में 7.35 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 5.33 प्रतिशत और अदाणी एंटरप्राइजेज में 5.04 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस भी 4.70 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा, सांघी इंडस्ट्रीज में 1.41 प्रतिशत, एसीसी में 1.21 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स में 1.09 प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स में 0.28 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

### अतिरिक्त एजीआर मांग रद्द करने की वोडाफोन आइडिया की याचिका पर न्यायालय करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय शुक्रवार को दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया। याचिका में 2016-17 तक के लिए अतिरिक्त समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) मांगों को रद्द करने का आग्रह किया गया है। न्यायालय 26 सितंबर को मामले की सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ दूरसंचार विभाग (डॉट) द्वारा वित्त वर्ष 2016-17 से संबंधित 5,606 करोड़ रुपये की नई मांग के खिलाफ वोडाफोन आइडिया की नई याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## न्यूज अपडेट

### सोना 800 रुपये चढ़कर 1,14,000 प्रतिशत 10 ग्राम, चांदी 500 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 800 रुपये चढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते सोने में तेजी आई। चांदी की कीमत भी 500 रुपये बढ़कर 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन बढ़त दर्ज की गई और शुक्रवार को यह 500 रुपये बढ़कर 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 702.97 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 702.97 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 698.27 अरब डॉलर रहा था। पांच सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 587.01 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। केन्द्रीय बैंक के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 2.12 अरब डॉलर बढ़कर 92.42 अरब डॉलर हो गया।

### मेकमाईट्रिप-ज़ोमैटो साझेदारी: अब ट्रेन सफर में भी 40,000+ रेस्टोरेंट्स का स्वाद

**कोलकाता :** भारत की अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमाईट्रिप ने ज़ोमैटो के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इसके तहत अब यात्री ट्रेन टिकट बुकिंग के साथ ही 40,000 से अधिक रेस्टोरेंट पार्टनर्स से 130 से ज्यादा स्टेशनों पर सीधे अपनी सीट पर भोजन ऑर्डर कर सकेंगे। फूड ऑन ट्रेन सेवा की बढ़ती मांग को देखते हुए यह पहल यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगी। वित्त वर्ष 2024-25 में प्रतिदिन 90,000 से अधिक यात्रियों ने रेलवे की ई-कैटरिंग सेवा का उपयोग किया, जो पिछले साल की तुलना में 66% अधिक है। इस सेवा में नाश्ता, लंच, डिनर और स्नैक्स जैसे विकल्प मिलेंगे। मेकमाईट्रिप के सीबीओ एवं सीएमओ राज ऋषि सिंह ने कहा कि ग्राहक-केंद्रित पहलों के चलते कंपनी ने ट्रेन बुकिंग क्षेत्र में तेज़ी से विकास किया है। वहीं, ज़ोमैटो के वाइस प्रेसिडेंट - प्रोडक्ट राहुल गुप्ता ने इसे ग्राहकों के अनुभव को और सुविधाजनक बनाने की दिशा में अहम कदम बताया। दिवाली स्पेशल ऑफर के तहत मेकमाईट्रिप पर रेल टिकट बुक करने वाले यात्रियों को ज़ोमैटो फूड ऑर्डर पर कॉम्प्लिमेंट्री कूपन भी मिलेगा।आईआरसीटीसी का अधिकृत पार्टनर बनने के बाद ज़ोमैटो अब तक 46 लाख से ज्यादा ऑर्डर पूरे कर चुका है। यात्री यात्रा से 7 दिन पहले तक पीएनआर नंबर का उपयोग कर भोजन ऑर्डर कर पाएंगे।

### टेक्समैको को अल्ट्राटेक सीमेंट से 87 करोड़ रुपये का वैगन ऑर्डर मिला

**कोलकाता:** टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसे अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड से विशेष मालवाहक वैगनों और ब्रेक वैन की आपूर्ति के लिए 86.85 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। एडवेंट्ज़ समूह की प्रमुख कंपनी ने कहा कि ये वैगन अल्ट्राटेक के मध्य प्रदेश स्थित मैहर और सरलानगर संयंत्रों के लिए होंगे। ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए ब्रेक वैन में सौर ऊर्जा से चलने वाली प्रणाली होंगी। टेक्समैको के प्रबंध निदेशक सुदीप्त मुखर्जी ने कहा कि यह ऑर्डर कंपनी की इंजीनियरिंग क्षमताओं और टिकाऊ लॉजिस्टिक के लिए प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## वर्ग पहेली नं. 3213

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | | | | ■ | |
| 8 | 9 | | ■ | | ■ | | ■ | 10 | |
| 11 | | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | | | ■ | 17 |
| 18 | | ■ | | ■ | | ■ | 19 | | |
| | ■ | 20 | ■ | 21 | | 22 | | ■ | |
| 23 | | | ■ | | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) तजरबा, 2) पेचीदा; जटिल, 3) उथलपुथल, 4) परिणाम, 5) वृक्ष का धड़, 6) अनुकरण, 9) समान राशियों का गुणनफल, 10) दयालु, 12) व्यसन; स्वभाव, 13) क्षमा, 14) सपाट, 17) ऐरा ग़ैरा, 18) अपमान, 20) पार्वती, 21) अनुमान, 22) कर्ण. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 2) कुपुत्र, 4) छू मंतर; अदृश्य, 7) अर्थदंड, 8) कोठी; इमारत, 10) संघटना *(राजनीतिक)*, 11) श्रेणी, 12) बनावट; लम्बाई-चौड़ाई, 14) जाड़ा, 15) भुकड़ी; एक प्रकार की सफ़ेद काई, 16) नाई, 18) बिना तने का पौधा, 19) भाँति, 21) दूरी, 23) हेकड़ीबाज़; रोबीला; प्रभावशाली, 24) जाँच-पड़ताल, 25) निःसंदेह.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दी | वा | ना | ■ | गं | ■ | ख़ा | फ़ | गी | ■ |
| पा | ■ | ■ | अ | दा | व | त | ■ | द | म |
| व | सु | दे | व | ■ | श्र | ■ | स | ड़ | क |
| ली | न | ■ | ग | न | ■ | म | ज्ज | ■ | ड़ |
| ■ | सा | ■ | त | र | क | श | ■ | बे | जा |
| स | न | की | ■ | क | स | क | ■ | ह | ल |
| च | ■ | ■ | वि | ■ | म | ■ | मा | या | ■ |
| मु | ला | य | म | ■ | सा | न्नि | ध्य | ■ | थो |
| च | ■ | ■ | ल | गा | ना | ■ | म | सू | ड़ा |

## सुडोकू-पहेली-3170

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | 1 | | |
| 2 | | 9 | 5 | 4 | | | | |
| | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | | 7 | | |
| | | | 2 | | | | | |
| | 6 | | | | 5 | | 9 | 1 |
| 7 | 8 | | | | | | | |
| 5 | | | 1 | | | | | |
| | | | | | 8 | 3 | | 5 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3169 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 5 | 2 | 1 | 6 | 9 | 8 | 4 |
| 1 | 4 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 1 | 3 |
| 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 8 | 2 | 6 |
| 7 | 1 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 9 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 |

# महालया से राज्य के विभिन्न हिस्सों में पुलिस की तैनाती

## जिले भर में 10 से 15 हजार पुलिस कर्मी होंगे तैनात

**कोलकाता, समाज्ञा**

बस 9 दिन का इंतजार और फिर बंगालियों का सबसे बड़ा त्योहार, दुर्गा पूजा, शुरू हो जाएगा। शहर से लेकर उपनगरों तक रात जगमगा उठेगी। लोगों की भीड़ सड़कों पर उतर आएगी। राज्य पुलिस उस भीड़ को संभालने के लिए तैयार है। जिले में 10 से 15 हजार पुलिस कर्मियों को तैनात किया जा रहा है। सिर्फ पूजा के दौरान ही नहीं, बल्कि जिले में होने वाले कार्निवल पर भी अतिरिक्त सपरक्षा पर ध्यान दिया जा रहा है।

राज्य पुलिस के एडीजी (कानून व्यवस्था) जावेद शमीम ने कहा कि पुलिस आगंतुकों की सुरक्षा और यातायात को सुचारू रखने के लिए तैयार है। शुक्रवार को राज्य पुलिस के एडीजी (कानून व्यवस्था) जावेद शमीम ने कहा कि महालया से राज्य के विभिन्न हिस्सों में पुलिस तैनात की जाएगी। विभिन्न घाटों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने से लेकर, पुलिस पूजा के दौरान भीड़ को सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जिस जिले में जिस तरह की पूजा हो रही है, उसके अनुसार पुलिस की तैनाती की गई है। जिले भर में 10 से 15 हजार पुलिस कर्मी सड़कों पर तैनात रहेंगे। मुख्यालय और अन्य सभी बलों को तैयार रखा जा रहा है। इसके अलावा, अतिरिक्त होमगार्ड, एनसीसी, स्थानीय युवाओं को तैनात किया जाएगा। यातायात को सुचारू रखने के लिए सभी तरह के उपाय किए गए हैं। महालया से लक्ष्मी पूजा तक चार दिनों की पूजा के बाद, यह एक लंबा पूजा सीजन है। हम सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूजा खत्म होने के बाद, कोलकाता के अलावा, जिले भर में कार्निवल आयोजित किए जाते हैं। उन दिनों भी आम लोग सड़कों पर उमड़ पड़ते हैं। इसलिए, राज्य पुलिस कार्निवल को अतिरिक्त महत्व दे रही है। किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस तैनात की जाएगी।

## कल से कोलकाता पुलिस करेगी शहर में भीड़ नियंत्रण



कोलकाता पुलिस इस बार महालया के दिन से ही पूजा में आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कदम उठा रही है। पूजा के दौरान अतिरिक्त बल तैनात किए जाएंगे। शहर में यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शुक्रवार को यह बात कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने कही। इस दिन, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आम आदमी की सुरक्षा हमारा मुख्य लक्ष्य है। पूजा आयोजकों के साथ कई बैठकें हो चुकी हैं। पूजा के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था सामान्य रहे, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस दिन, शहर में पूजा पंडालों के निरीक्षण के दौरान, पत्रकारों से बातचीत में, मनोज वर्मा ने कहा कि हम आज से कुछ तैयारियां कर रहे हैं। हम पूजा के दिनों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर रहे हैं। यातायात नियंत्रण पर विशेष ज़ोर दिया जाएगा। जहां बड़ी पूजाएँ होती हैं, वहां भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस पूरी रात तैनात रहेगी। इस बार रात 2 बजे से सुबह 6 बजे तक अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

## हरिदेवपुर सामूहिक दुष्कर्म कांड : मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता पुलिस ने हरिदेवपुर सामूहिक दुष्कर्म कांड के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम देवांशु विश्वास है। गुरुवार की रात देशप्रिय पार्क इलाके से उसे पुलिस ने धर दबोचा। बता दें कि इससे पहले इस मामले में एक अन्य आरोपित चंदन मल्लिक को हरिदेवपुर थाने की पुलिस ने बर्दवान स्टेशन से गिरफ्तार किया था। हालांकि, पुलिस मुख्य आरोपित देवांशु की तलाश में लगातार जुटी थी। गुरुवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर देवांशु विश्वास को मौके पर ही पकड़ लिया। फिलहाल, पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1257-2025-26-आर, दिनांक: 08.09.2025, कार्य का विवरण:** माइल5बी-बजबज (17.52 किमी) शाखा के बीच ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम के लिए प्रस्ताव। **निविदा मूल्य:** रु. 84,94,475/-, **बयाना राशि:** रु. 1,69,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 09 माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1262-2025-26, दिनांक: 08.09.2025, कार्य का विवरण:** दमदम कैंटोनमेंट स्टेशन पर यात्री केंद्रित सुविधाओं को प्रदान करने के लिए प्रस्ताव। **निविदा मूल्य:** रु. 60,46,867/-, **बयाना राशि:** रु. 1,20,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 06 माह। **क्रम सं. 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1263-2025-26, दिनांक: 08.09.2025, कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल के अधीन आवश्यक पाइप लाइन कार्य के साथ विभिन्न स्टेशनों में टॉयलेट ब्लॉक का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 1,32,96,368/-, **बयाना राशि:** रु. 2,16,500/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 4, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1256-2025-26, दिनांक:08.09.2025, कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल के तहत घरेलू लोड को पृथक करने सहित पावर सप्लाई सिस्टम कार्यों का विकास/सुदृढ़ीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 3,85,64,489/-, **बयाना राशि:** रु. 3,42,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 5, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1259-2025-26, दिनांक: 08.09.2025, कार्य का विवरण:** आकड़ा स्टेशन में नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ मौजूदा पैनल इंटरलॉकिंग सिस्टम के प्रतिस्थापन के संबंध में विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 66,86,748/-, **बयाना राशि:** रु. 133,700/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 09 माह। **क्रम सं. 6, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1264-2025-26, दिनांक: 08.09.2025, कार्य का विवरण:** बारुईपुर, सोनारपुर, बजबज, बारासात, बनगाँव, रानाघाट, बहरमपुर कोर्ट, नैहाटी, बैरकपुर, काँचरापाड़ा और कृष्णनगर सिटी में आरपीएफ अधिकारी/कर्मचारियों के लिए महिला चेंजिंग रूम। **निविदा मूल्य:** रु. 25,43,644/-, **बयाना राशि:** रु. 50,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 06 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 10.10.2025, 14.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 10.10.2025 को 14.00 बजे के बाद। **निविदा बोली के प्रारंभ होने की तिथि** : 26.09.2025, निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-202/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Name Change**

I, Satyendra Prasad Routh, father of Ashish Prasad Routh residing at 40/2, Strand Road, Kolkata-700001, do hereby solemnly affirm and declare that my son's correct name is Ashish Prasad Routh and Ashish Prasad Routh and Ashish Prasad Singh is the same and one identical person via affidavit before the Notary Public at Howrah dated 17th September 2025.

## राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारी, चुनाव आयोग ने शुरू किया नया पोर्टल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय ने गुरुवार को विधानसभा चुनाव 2026 की तैयारियों को मजबूत करने के लिए एक नया पोर्टल लॉन्च किया। इस पोर्टल का मकसद चुनावी ड्यूटी में तैनात होने वाले कर्मचारियों का व्यापक डाटाबेस तैयार करना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से इस पोर्टल emms.wb.gov.in को जारी किया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अरिंदम नियोगी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. सुमंता रॉय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के अधिकारी भी मौजूद रहे। राज्य के सभी 24 जिलों से जुड़े अधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। अधिकारियों के मुताबिक, 2026 के चुनाव में करीब 14 हजार नए मतदान केंद्र जोड़े जाने की संभावना है। इसके साथ ही कई पूर्व मतदान कर्मियों को बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) के रूप में पुनः तैनात किया जाएगा। बताया गया कि करीब 32 हजार दफ्तरों को इस पोर्टल से जोड़ा जाएगा, ताकि चुनावी प्रबंधन सुचारु रूप से चल सके। नए पोर्टल की विशेषताओं में मतदान कर्मियों की रैंडमाइजेशन प्रक्रिया, आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण, ऑनलाइन परीक्षा, सूचना पत्र का निर्माण और चुनावी अनुभव की निगरानी जैसी सुविधाएं शामिल हैं। जिला स्तर के अधिकारियों को इस पोर्टल के संचालन की ट्रेनिंग दी गई है। इसके साथ ही डेटा एंट्री की समय सीमा और प्रशिक्षण की विस्तृत रूपरेखा भी साझा की गई। अधिकारियों का कहना है कि इस पोर्टल के माध्यम से अब सभी दफ्तर सीधे डेटा दर्ज और प्रबंधित करेंगे, जिससे चुनावी कार्य बल की तैयारी अधिक पारदर्शी और प्रभावी होगी।

## बीएलओ सूची में तृणमूल पदाधिकारी की नियुक्ति पर बवाल, सीईओ ने सतर्क रहने के दिए निर्देश




राज्य में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की नियुक्ति को लेकर नया विवाद सामने आया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने जिला स्तर पर सभी अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है, ताकि किसी राजनीतिक दल के पदाधिकारी या अस्थायी सरकारी कर्मचारी का नाम गलती से भी बीएलओ सूची में शामिल न हो। यह मामला तब प्रकाश में आया जब नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि उत्तर 24 परगना जिले के हसनाबाद ग्राम पंचायत में तृणमूल कांग्रेस के अंचल अध्यक्ष रमेश चंद्र दास को बीएलओ नियुक्त कर दिया गया। शुभेंदु अधिकारी के अनुसार, दास न सिर्फ तृणमूल कांग्रेस पदाधिकारी हैं बल्कि राज्य सरकार के स्कूल में अस्थायी सहायक शिक्षक भी हैं। नेता प्रतिपक्ष की आपत्ति के बाद सीईओ कार्यालय सक्रिय हुआ और सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि वे अपनी-अपनी सूचियों की दोबारा जांच करें। जिन नामों में ऐसी गड़बड़ी पाई जाएगी, उन्हें तुरंत हटाने के आदेश दिए गए हैं।

## आरजीकर मामले में अब कोलकाता पुलिस के 4 अधिकारियों की भूमिका पर सवाल

**कोलकाता :** आरजीकर महिला चिकित्सक की हत्या और दुष्कर्म मामले में अब कोलकाता पुलिस के चार अधिकारियों की भूमिका जांच के घेरे में आ गई है। अदालत ने लापरवाही के आरोपों को गंभीर मानते हुए लालबाजार को निर्देश दिया है कि इन अधिकारियों की भूमिका की गहन जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएं। दरअसल, 12 सितंबर को जब स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई थी, तब पीड़िता के माता-पिता के वकीलों ने पुलिस अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े किए थे। उसी दिन सीलदह अदालत परिसर में जांच अधिकारी सीमा पाहुजा, सीबीआई अधिकारी और सीबीआई के वकीलों के साथ पीड़िता के माता-पिता के कथित दुर्व्यवहार की भी घटना सामने आई थी। इस पृष्ठभूमि में अदालत ने शुक्रवार को आदेश दिया कि मामले की जांच में हुई गफलत और चार पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी की विस्तार से समीक्षा कर लापरवाही साबित होने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस फैसले के बाद आरजीकर कांड में जांच की दिशा एक बार फिर से चर्चा के केंद्र में आ गई है।

---

**❑ सीबीआई नवम्बर में दाखिल करेगी सातवीं स्टेटस रिपोर्ट**

आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पिछले साल अगस्त में हुई महिला जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म और हत्या की गुत्थी अब भी पूरी तरह नहीं सुलझी है। इस मामले में सीबीआई नवम्बर में सातवीं स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेगी। सूत्रों के मुताबिक, यह रिपोर्ट 14 नवम्बर को कोलकाता के सियालदह स्थित ट्रायल कोर्ट में पेश की जाएगी। सीबीआई की नई रिपोर्ट में जांच अधिकारी शुरुआती जांच के दौरान कोलकाता पुलिस के कुछ अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका का ब्योरा भी देंगे।

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.: 146_2025-26 और 147_2025-26, दिनांक 16.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्राधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.: 146_2025-26, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधीन एईएन/लिलुआ की शाखा में जॉइंट को हटाने में सहायता के लिए पी.वे कार्य एवं अन्य संबंधित विविध कार्यों का निष्पादन। **अनुमानित मूल्य** : रु. 1,53,58,844.60, **बयाना राशि:** रु. 2,26,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 147_2025-26, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधीन एईएन/ट्रैक/हावड़ा की शाखा में जॉइंट को हटाने में सहायता के लिए पी.वे कार्य एवं अन्य संबंधित विविध कार्यों का निष्पादन। **अनुमानित मूल्य** : रु. 1,16,64,328.60, **बयाना राशि:** रु. 2,08,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 08.10.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-299/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## नवद्वीप में भाजपा कार्यकर्ता की पीटकर हत्या, तृणमूल पर लगाया आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के नवद्वीप में एक भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप तृणमूल कांग्रेस समर्थित स्थानीय क्लब के सदस्यों पर लगा है। वहीं, मृतक कार्यकर्ता का नाम संजय भौमिक बताया जा रहा है। मृतक के परिवारवालों ने नवद्वीप थाने में चार लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इस घटना में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं, वारदात के बाद इलाके में तनाव है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार की देर रात संजय का स्थानीय क्लब के सदस्यों के साथ झगड़ा हो गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने संजय की बेरहमी से पिटाई कर दी। घायल अवस्था में संजय अपने घर लौट आया। आरोपी इसपर भी नहीं माने। वह रॉड और लाठियां लेकर संजय के घर पहुंचे और पीटने लगे। आरोपियों के डर से परिवारवाले संजय को इलाज के लिए अस्पताल नहीं ले जा सके। गुरुवार की सुबह संजय को नवद्वीप स्टेट जनरल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संजय की मां ने आरोप लगाया कि उनके बेटे पर पहले भी तृणमूल समर्थकों ने हमला किया था। भाजपा ने पुलिस से आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं, टीएमसी प्रवक्ता देबांग्शु भट्टाचार्य ने इस घटना में पार्टी समर्थकों का हाथ होने से साफ इनकार किया है।

एसएससी नियुक्ति घोटाला मामले में पूर्व चेयरमैन की अदालत में गवाही...

# अवैध नियुक्तियों के लिए पार्थ चटर्जी और मुकुल राय डालते थे दबाव

**❑ ब्रत्य बसु को क्लीनचिट**

**कोलकाता :** एसएससी प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति घोटाले में शुक्रवार को अलीपुर की विशेष सीबीआई अदालत में गवाही की प्रक्रिया शुरू हुई। इस मामले में पहले ही पूर्व शिक्षामंत्री पार्थ चटर्जी समेत आयोग के कई अधिकारियों पर आरोप तय किए जा चुके हैं।

गवाही की शुरुआत में ही स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) के पूर्व चेयरमैन चित्तरंजन मंडल ने चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने अदालत में कहा कि पार्थ चटर्जी और मुकुल राय जैसे नेताओं की ओर से अवैध नियुक्ति कराने के लिए उन पर दबाव डाला जाता था। हालांकि, वर्तमान शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु की ओर से कभी कोई दबाव नहीं डाला गया।



चित्तरंजन मंडल ने बताया कि उन्होंने 2011 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के कहने पर चेयरमैन का पद संभाला था। पद संभालने के बाद उन्हें नेताओं और मंत्रियों की ओर से भारी दबाव झेलना पड़ा। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि ब्रत्य बसु ने नियुक्ति प्रक्रिया में कोई हस्तक्षेप नहीं किया।

इस दौरान पार्थ चटर्जी के वकील बिप्लब गोस्वामी ने गवाह से उनके वर्तमान राजनीतिक संबंधों पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या वे किसी राजनीतिक दबाव में आकर झूठी गवाही दे रहे हैं? इस पर चित्तरंजन मंडल ने साफ इनकार करते हुए कहा कि उनकी गवाही पूरी तरह सच्चाई पर आधारित है।

अदालत में इस गवाही के बाद मामला और भी गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है।

**ओएचई संशोधन कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. EL_TRD_39_25-26; दिनांक: 16-09-2025।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. EL_TRD_39_25-26; कार्य का नाम:** "कटिहार मंडल में डीईई/टीआरडी/न्यू जलपाईगुड़ी के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ओएलएस पर डीएसडीसी के ओएचई मार्ग के अवरोध को हटाने" से संबंधित ओएचई संशोधन कार्य। (अनुसूची-I)। निविदा मूल्य: ₹1,85,95,236.80; धरोहर राशि: ₹2,43,000.00। **ई-निविदाएं** 09-10-2025 को 15.00 बजे **बंद होंगी** और 09-10-2025 को 15.30 बजे **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना 09-10-2025 को 15.00 बजे तक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगी।

सीनि. डीईई/टीआरडी एंड जीएस/ कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्वोत्तर रेलवे के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

**परिशिष्ट**

पूर्वोत्तर रेलवे के तहत गोरखपुर-गोंडा शाखा में गोरखपुर-डोमिनगढ़ स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन को चालू करने और गोरखपुर-आनंद नगर शाखा में गोरखपुर-नकहा जंगल स्टेशनों के बीच दोहरीकरण के लिए, प्री नॉन-इंटरलॉकिंग (**दिनांक 22.09.2025 को**)/नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य (**दिनांक 23.09.2025 से 26.09.2025 तक**) के साथ सीआरएस निरीक्षण (**दिनांक 26.09.2025 को**) के कारण ट्रेनों के नियंत्रण के संबंध में पूर्व प्रकाशित ऊपर शीर्षांकित विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ट्रेनें भी निम्नानुसार निरस्त रहेंगी: **अतिरिक्त निरस्तीकरण: 15047** कोलकाता-गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस सीवान होकर (यात्रा शुरू दिनांक 25.09 और 27.09.2025)=2 ट्रिप एवं **15048** गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस सीवान होकर (यात्रा शुरू दिनांक 23.09 और 26.09.2025)=2 ट्रिप। असुविधा के लिए खेद है।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## यंग बॉयज क्लब पूजा थीम 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए भारत के बहादुर सैनिकों को करेगी सलाम

❑ **स्थान** : तारा चंद दत्ता स्ट्रीट
❑ **पूजा थीम** : ऑपरेशन सिंदूर
❑ **मुख्य आयोजक** : राकेश सिंह
❑ **युवा अध्यक्ष** : विक्रांत सिंह
❑ **सह-आयोजक** : विनोद सिंह



**अरुण गुप्ता**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत वर्ष में हर एक त्योहार को बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाता है। भारत में हर एक पूजा की अपनी एक महत्ता होती है। इसी क्रम में, दुर्गा पूजा पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा व विख्यात त्योहारों में से एक माना जाता है। दुर्गा पूजा, शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व है, जिसे पूरे राज्य में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। महानगर समेत राज्य भर में पूजा को लेकर समितियों में प्रतिस्पर्धा लगी होती है। आगामी कुछ दिनों में पूजा का शुभारंभ होने जा रहा है और पूजा को लेकर लोगों में एक अलग सा उत्साह देखने को मिलता है। हर एक पूजा समिति विभिन्न विषयों व मुद्दों पर पंडाल सज्जा व लाइटिंग व अन्य सभी चीजों पर लोगों को आकर्षित करने के लिए विशेष जोर देते है।

**❑ परिचय**

यंग बॉयज क्लब दुर्गा पूजा मध्य कोलकाता के बेहतरीन पूजा पंडालों में शुमार है। यह समिति प्रत्येक वर्ष बड़े पैमाने में पूजा आयोजित करती है, जहां प्रत्येक वर्ष कुछ नया और कुछ अलग देखने को मिलता है। यहां भारी संख्या में आगंतुकों की भीड़ देखी जाती है। इस भारी भीड़ को संभालने के लिए स्वयंसेवक एवं पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

**❑ पूजा का विवरण व थीम**

यंग बॉयज क्लब दुर्गा पूजा, जो अपनी भव्य कलात्मकता और सामाजिक रूप से जागरूक थीम के लिए प्रसिद्ध है, अपने 57वें वर्ष का जश्न 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम के माध्यम से भारत के सशस्त्र बलों को एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि के साथ मनाने के लिए तैयार है। इस वर्ष का उत्सव भक्ति की भावना को राष्ट्रीय गौरव के संदेश के साथ मिलाने का वादा करता है, जो तारा चंद दत्ता स्ट्रीट पर जीवंत पंडाल में हजारों लोगों को आकर्षित करता है, जो सेंट्रल एवेन्यू को रवींद्र सरणी से जोड़ने वाला एक ऐतिहासिक स्थल है।

**❑ पंडाल सज्जा व मूर्ति डिजाइन**

कलाकार देबशंकर महेश द्वारा डिजाइन किए गए इस मनमोहक पंडाल में आकर्षक प्रतिष्ठान हैं जो थीम को जीवंत करते हैं। आगंतुक भारतीय सेना के टैंकों और मिसाइलों की जीवंत प्रतिकृतियां देखेंगे। इस श्रद्धांजलि का केंद्रबिंदु दो सम्मानित महिला अधिकारियों: कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को शामिल करना है। उनकी प्रतिकृतियां सेना में महिलाओं की शक्ति और नेतृत्व के शक्तिशाली प्रतीक के रूप में खड़ी हैं। मूर्तिकार कुशध्वज बेरा ने देवी दुर्गा की मूर्ति बनाई है। जहां पंडाल की थीम आधुनिक और देशभक्ति से भरी है, वहीं दुर्गा की मूर्ति अपनी पारंपरिक शैली को बरकरार रखते हुए पुराने और नए का एक सामंजस्यपूर्ण मिश्रण प्रस्तुत करती है। यह अनूठी डिजाइन न केवल देवी का सम्मान करती है, बल्कि भारतीय सेना की बहादुरी को भी श्रद्धांजलि देती है।

**❑ सुरक्षा और प्रबंधन**

पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए है। स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवकों की बड़ी टीम भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने में प्रस्तुत रहेगी।

## मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा पर इनकम डिक्लरेशन स्कीम का सहारा लेकर काले धन को सफेद करने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा पर नए आरोप सामने आए हैं। पहले से ही प्राइमरी शिक्षक भर्ती घोटाले में संलिप्त होने के मामले में उनका नाम चर्चा में है। अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में दावा किया गया है कि उन्होंने केंद्र सरकार की इनकम डिक्लरेशन स्कीम का सहारा लेकर अपने काले धन को वैध बनाने की कोशिश की थी। ईडी के दस्तावेजों के अनुसार, वर्ष 2016 में केंद्र सरकार ने इनकम डिक्लरेशन स्कीम लागू की थी। इस योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति अपने अघोषित आय का खुलासा करता और 45 प्रतिशत जुर्माना चुकाता, तो उस पर आगे जांच नहीं होती। इसी प्रावधान का फायदा उठाकर चंद्रनाथ सिन्हा ने दो करोड़ रुपये की संपत्ति का हिसाब दिया और इसके लिए 90 लाख रुपये बतौर जुर्माना चुकाया। ईडी अधिकारियों का आरोप है कि यह रकम नौकरी बेचने से अर्जित की गई थी और योजना के जरिए उसे वैध बनाया गया। इसके अलावा, ईडी ने नोटबंदी के दौरान हुई गतिविधियों पर भी सवाल उठाए हैं। जांच में सामने आया कि मंत्री की पत्नी के नाम पर मौजूद एक बैंक खाते में नवंबर-दिसंबर 2016 के दौरान 44.35 लाख रुपये जमा दिखाए गए। जबकि, बैंक रिकॉर्ड के मुताबिक, वास्तव में उस खाते में केवल सात लाख रुपये ही जमा हुए थे। यानी करीब 37 लाख रुपये का झूठा ब्योरा आयकर विभाग को दिया गया। इडी का कहना है कि इस रकम का सही ब्योरा मंत्री ने 2017-18 में नहीं दिया था। बल्कि 2022 में, जब शिक्षक भर्ती घोटाले का मामला अदालत में गया, तब उन्होंने पुराना हिसाब प्रस्तुत किया। अब एजेंसी अदालत से उनकी हिरासत मांग रही है ताकि इन रकमों के असली स्रोत की जांच की जा सके। शनिवार को इस मामले में विशेष अदालत में सुनवाई होगी।

## जलग्रहण क्षेत्र भराव पर रोक: हाईकोर्ट ने बीडीओ की अध्यक्षता में समिति बनाने का दिया निर्देश

**कोलकाता :** जलाशयों और जलभूमियों की सुरक्षा को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। जंगीपुर में एक तालाब भरने से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को न्यायमूर्ति सुजॉय पाल और न्यायमूर्ति स्मिता दास दे की खंडपीठ ने आदेश दिया कि स्थानीय बीडीओ (खंड विकास अधिकारी) की अध्यक्षता में एक विशेष समिति बनाई जाए। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी आवेदन के मिलने के एक माह के भीतर यह समिति गठित करनी होगी।

अदालत सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2012 में राज्य सरकार ने जलभूमि से जुड़ी शिकायतों की जांच के लिए विशेष समिति गठित करने की अधिसूचना जारी की थी। लेकिन इतने वर्षों बाद भी इसे लागू नहीं किया गया।

मामले में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अरिंदम दास ने अदालत को बताया कि जलभूमि संरक्षण के लिए सरकार की पुरानी अधिसूचना को लागू करने का निर्देश दिया जाए। अदालत ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि समिति बनाने की जिम्मेदारी सीधे मुख्य सचिव पर नहीं होगी, बल्कि संबंधित क्षेत्र के बीडीओ को यह काम करना होगा।

हाईकोर्ट ने साफ किया कि जलभूमि संरक्षण को लेकर अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायत मिलते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-11ए-25, दिनांक 15.09.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. **ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-11ए-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** : पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में आइसोलेटर और ड्रॉप जंपर के लिए जंपर का प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 3,00,78,131.50, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 3,00,400/-, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 10.10.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-301/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कोलकाता-सायरंग-कोलकाता एक्सप्रेस लालाबाजार एवं जमीरा स्टेशनों पर ठहरेगी**

यात्रियों की सुविधा के लिए, **13125/13126 कोलकाता-सायरंग-कोलकाता (त्रै-साप्ताहिक) एक्सप्रेस** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के तहत **लालाबाजार** एवं **जमीरा** स्टेशनों पर निम्नानुसार ठहरेगी:

| 13126 सायरंग-कोलकाता (त्रै-साप्ताहिक) एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की तारीख 25.09.2025 से प्रभावी) | | स्टेशन | 13125 कोलकाता-सायरंग (त्रै-साप्ताहिक) एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की तारीख 27.09.2025 से प्रभावी) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| 08.30 बजे | 08.32 बजे | ↓ जमीरा | 17.50 बजे | 17.52 बजे |
| 08.58 बजे | 09.00 बजे | लालाबाजार ↑ | 17.23 बजे | 17.25 बजे |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL · PROPERTY · RECRUITMENT
EDUCATION · NAME CHANGE · PUBLIC NOTICE
OBITUARY · REMEMBRANCE · DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# लॉ कॉलेज की सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता ने दूसरे संस्थान में स्थानांतरण की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा**

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज परिसर में सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता प्रथम वर्ष की छात्रा ने वहां अपनी पढ़ाई जारी न रखने का फैसला किया है और शहर के किसी अन्य संस्थान में स्थानांतरण की मांग की है। छात्रा के परिवार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कलकत्ता विश्वविद्यालय ने संस्थान बदलने के लिए पीड़िता से आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि की है। पीड़िता के पिता ने कहा कि मेरी बेटी ने कॉलेज से अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है और कॉलेज हमारे साथ सहयोग कर रहा है। मेरी बेटी ने संस्थान बदलने के लिए कलकत्ता विश्वविद्यालय को भी पत्र लिखा है। छात्रा के पिता ने कहा कि हम चाहते हैं कि वह अपना करियर बनाए, लेकिन हम उसे दोबारा उस कॉलेज परिसर में नहीं भेजना चाहते। उन्होंने कॉलेज की उप-प्राचार्य नयना चटर्जी से मुलाकात की और दूसरे कॉलेज में स्थानांतरण की उसकी अपील के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगा।



## साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज की उप-प्राचार्य ने शासी निकाय के अनुरोध के बाद वापस लिया इस्तीफा

**तनाव संबंधी कारणों का हवाला देते हुए दो दिन पहले इस्तीफा देने वाली साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज की उप-प्राचार्य नोयना चटर्जी ने शुक्रवार को शासी निकाय के अनुरोध के बाद अपना त्यागपत्र वापस ले लिया है। बता दें कि नोयना चटर्जी ने बुधवार को इस्तीफा दिया था। नोयना चटर्जी ने कहा कि हां, मैंने इस्तीफा दे दिया था, लेकिन कॉलेज के शासी निकाय द्वारा गुरुवार को किए गए अनुरोध के बाद कि नये प्राचार्य की नियुक्ति से पूर्व इस चरण में मेरा जाना संस्थान के शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों को प्रभावित करेगा, मैंने अपना इस्तीफा वापस ले लिया। एक अन्य पत्र में आधिकारिक तौर पर मैंने इस संबंध में सूचना दे दी है। उन्होंने कहा कि शासी निकाय चाहता था कि मैं पूर्णकालिक प्रिंसिपल के कार्यभार संभालने तक पद पर बनी रहूं और कहा कि इस समय मेरे इस्तीफे से कर्मचारियों के वेतन वितरण और वित्तीय तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों पर असर पड़ेगा।**

15 साल से लंबित 80 लाख रुपये का भुगतान न होने पर कड़ा रुख

# वित्त सचिव व नगर विकास सचिव के खिलाफ हाईकोर्ट ने जारी किया रूल

**कोलकाता :** रायगंज नगर पालिका के ठेकेदारों का 15 साल से बकाया 80 लाख रुपये भुगतान न होने पर कोलकाता हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा और न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने राज्य के वित्त सचिव और नगर विकास विभाग के सचिव के खिलाफ रूल जारी किया।



मामले में आरोप है कि वर्ष 2010 में निविदा प्रक्रिया के माध्यम से कई ठेकेदारों ने नगर पालिका में कार्य किया था। इन कार्यों का मूल्य लगभग 80 लाख रुपये था। लेकिन डेढ़ दशक बीत जाने के बाद भी ठेकेदारों को उनकी मजदूरी और भुगतान नहीं मिला।

इस संबंध में हाईकोर्ट पहले भी कई बार निर्देश दे चुका है। हाल ही में 14 जुलाई 2025 को अदालत ने स्पष्ट आदेश दिया था कि बकाया राशि तत्काल अदा की जाए। बावजूद इसके अब तक भुगतान नहीं किया गया।

अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि आदेश का पालन न होना न्यायालय की अवमानना है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही निर्देश का पालन नहीं किया गया तो और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस मामले की अगली सुनवाई 3 नवंबर को होगी। अब सबकी नजर इस पर है कि राज्य सरकार ठेकेदारों के बकाया चुकाने को लेकर क्या कदम उठाती है।

## न्यूज अपडेट

### चाइनीज़ वॉक ने दुर्गा पूजा के अवसर पर चिरकुट ऑफिशियल के साथ मिलकर पेश किया संगीत और स्वाद का फ्यूज़न

**कोलकाता :** देसी चाइनीज़ क्यूएसआर ब्रांड, चाइनीज़ वॉक ने कोलकाता के चिनार पार्क रेस्टोरेंट में चिरकुट ऑफिशियल के नए म्यूजिक वीडियो लॉन्च के साथ पूर्वी भारत में शानदार सांस्कृतिक गठजोड़ की पेशकश की। भोजन, संगीत और पूजा के उत्सव को एक सूत्र में बांधकर, इस कार्यक्रम ने युवा पीढ़ी (जेनरेशन ज़ेड और मिलेनियल) के लिए स्वाद और पुरानी यादों का शानदार मिश्रण तैयार किया। कोलकाता में इस शाम को ख़ास बनाया चिरकुट ऑफिशियल बैंड ने और इस मौके पर इसके कलाकार सौम्या मुखर्जी, अरुणिमा, और गायक देबायन बनर्जी, शुभम मित्रा व श्रीजिता मित्रा ने शिरकत की। ले-नेक्सिस फूडवर्क्स के संस्थापक और निदेशक, आयुष मधुसूदन अग्रवाल ने कहा: कोलकाता हमेशा से सांस्कृतिक केंद्र रहा है, और दुर्गा पूजा समुदायिकता और उत्सव की भावना का प्रतिनिधित्व करती है।

### एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने अपने मोबाइल ऐप पर शुरू की अनूठी स्वास्थ्य स्कैनिंग सुविधा

**कोलकाता :** एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने अपने मोबाइल ऐप पर एक नए किस्म का अनूठा स्वास्थ्य ट्रैकिंग फीचर शुरू किया है, जो स्वास्थ्य और कल्याण (वेलनेस) को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नया फीचर उन्नत बायोमेट्रिक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर उपयोगकर्ताओं को बस चेहरे और उंगलियों के स्कैन के ज़रिये महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतकों तक आसान पहुंच प्रदान करता है। यह पहल सक्रियता से स्वास्थ्य के लिए सहज, संपर्क रहित और प्रौद्योगिकी आधारित दृष्टिकोण प्रदान करती है, जिसे उपयोगकर्ताओं को वास्तविक समय के आधार पर अपने स्वास्थ्य और कल्याण की ज़िम्मेदारी लेने में सहायता के लिए तैयार किया गया है। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मोहम्मद आरिफ खान ने इस लॉन्च के बारे में कहा, यह नए तरह का स्वास्थ्य स्कैनिंग फीचर पारंपरिक बीमा से परे सुलभ स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम है।

### एलजी ने लॉन्च किया डिमांड=मैच

**कोलकाता :** एलजी इक्विपमेंट्स, दुनिया के प्रमुख एयर कंप्रेसर निर्माताओं में से एक, ने डिमांड=मैच सिस्टम लॉन्च किया। यह एक क्रांतिकारी नवाचार है जो फिक्स्ड-स्पीड कंप्रेसर को बदलती हुई मांग के अनुसार काम करने में सक्षम बनाता है। एलजीआई इक्विपमेंट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. जयराम वरदराज ने कहा: कम्प्रेस्ड एयर हर फैक्ट्री की चौथी यूटिलिटी है, लेकिन मांग कभी स्थिर नहीं रहती। ज़्यादातर फैक्ट्रियाँ फिक्स्ड-स्पीड कंप्रेसर का उपयोग करती हैं, जो मांग घटने पर भी लगातार समान आउटपुट देते रहते हैं। एलजी का डिमांड=मैच सिस्टम इन मशीनों में डायनेमिक इंटेलिजेंस लाता है, जो वास्तविक मांग के अनुसार डिलीवरी को स्वचालित रूप से समायोजित करता है। एलजीआई इक्विपमेंट्स लिमिटेड के एक्ज़ीक्यूटिव प्रेसिडेंट - प्रोडक्ट एक्सीलेंस और इनोवेशन, डॉ. के. वेणु माधव ने कहा: यह सिस्टम लगातार प्रेशर को मॉनिटर करता है और एयरफ्लो को स्मार्ट रीसर्कुलेशन के ज़रिये नियंत्रित करता है। यह प्लांट को उतनी ही हवा देता है जितनी जरूरत है - न ज्यादा, न कम - जिससे संचालन सुचारु होता है और ऊर्जा की खपत घटती है।

## आश्रम में नाबालिगों का यौन उत्पीड़न, अदालत ने गोबरडांगा के साधु को कठोर कारावास की सजा सुनाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** दो नाबालिग निवासियों के यौन उत्पीड़न के दोषी गोबरडांगा के एक आश्रम के प्रमुख स्वामी सत्यरूपानंद को शुक्रवार को बारासात की अदालत ने 5 साल के कठोर कारावास का आदेश दिया है। न्यायाधीश ने पोक्सो और किशोर न्याय अधिनियमों के तहत उनकी सजा की घोषणा की। अदालत और पुलिस सूत्रों के अनुसार, गोबरडांगा थाना अंतर्गत सरकारपाड़ा इलाके में स्थित सेवा आश्रम में स्थानीय निवासी पढ़ते हैं। अगस्त 2022 के मध्य में आश्रम के प्रमुख स्वामी सत्यरूपानंद के खिलाफ 13 और 14 साल की दो नाबालिग लड़कों के यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे। घटना सामने आने पर भारी हंगामा हुआ। स्थानीय लोगों ने आश्रम के आसपास विरोध प्रदर्शन किया। आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई गई। बाद में, जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने स्वामी सत्यरूपानंद के खिलाफ गोबरडांगा थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। बारासात कोर्ट की विशेष पॉक्सो अदालत में मामला चला। आरोपी के खिलाफ 15 अक्टूबर को आरोप पत्र दाखिल किया गया। फिर, 2023 की शुरुआत में सुनवाई शुरू हुई। 11 लोगों की गवाही और सबूतों के आधार पर न्यायाधीश ने गुरुवार को स्वामी सत्यरूपानंद को दोषी पाया और शुक्रवार को उसकी सजा का ऐलान किया गया। साथ ही, उस पर 20,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न भरने पर उन्हें एक साल की अतिरिक्त जेल की सजा होगी।

### 21वीं सदी में आयुर्वेद - आधुनिक जीवन के लिए प्राचीन ज्ञान

**कोलकाता, समाज्ञा :** 23 सितंबर को प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस' मनाया जाता है, ताकि इस प्राचीन जीवन-विज्ञान के महत्व को आधुनिक युग में प्रचारित किया जा सके। आज की तनावपूर्ण और तेज़-रफ्तार जिंदगी में आयुर्वेद सिर्फ उपचार ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र कला है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन बताती हैं कि ब्राह्म मुहूर्त में उठना, सात्त्विक भोजन, योग-ध्यान और भिगोए बादाम जैसे पोषक तत्व अपनाना शरीर और मन के संतुलन में सहायक है। यह व्यक्तिगत स्वास्थ्य को भी महत्व देता है, जहाँ आहार और दिनचर्या व्यक्ति की प्रकृति - वात, पित्त, कफ - के अनुसार तय किए जाते हैं। पर्याप्त नींद, तेल मालिश और नियमित दिनचर्या से स्थायी स्वास्थ्य संभव है। छोटे-छोटे बदलावों से भी बड़ी सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत की जा सकती है।

## हावड़ा डिवीजन में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न रोकथाम का सेमिनार




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने शुक्रवार को कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और शिकायत निवारण) विषय पर सेमिनार आयोजित किया। यह कार्यक्रम हावड़ा के न्यू डीआरएम बिल्डिंग के कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल की सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विभिन्न शाखाओं की महिला कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। सेमिनार में कानूनी प्रावधानों, जिम्मेदारियों और रोकथाम के उपायों पर विशेष जोर दिया गया, ताकि कार्यस्थल की गरिमा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर हावड़ा की आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष और प्रतिष्ठित एनजीओ प्रतिनिधियों ने महिलाओं के अधिकार, संवेदनशीलता और शिकायत निवारण तंत्र पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

### उच्च माध्यमिक प्रश्नपत्र को लेकर असंतोष, शिक्षा परिषद ने दिया आश्वासन

**कोलकाता, समाज्ञा**

पहली बार सेमेस्टर पद्धति के अंतर्गत आयोजित हो रही उच्च माध्यमिक परीक्षा में प्रश्नपत्रों की संख्या अधिक होने और समय सीमा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विशेषकर गणित, भौतिकी और सांख्यिकी विषयों में प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत लंबे होने से छात्रों और अभिभावकों के द्वारा असंतोष व्यक्त किया है। उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि कई परीक्षार्थी निर्धारित समय में पूरे प्रश्नों के उत्तर नहीं दे पाए। उन्होंने आश्वासन दिया है कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही, भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए परिषद विशेष कदम उठाएगी। इस विषय पर बैठक बुलाने की भी घोषणा की गई है। गणित की परीक्षा में कई छात्रों ने शिकायत की कि एक घंटे पन्द्रह मिनट में 40 प्रश्नों का उत्तर देना संभव नहीं था। कैलकुलेटर के उपयोग की अनुमति न होने और अलग से रफ कॉपी उपलब्ध न कराए जाने से भी कठिनाई बढ़ी। केवल प्रश्नपत्र के अंतिम तीन पन्ने रफ कार्य के लिए दिए गए थे। वहीं, अभिभावकों ने भी परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पहली बार लागू हुई इस पद्धति में छात्रों को प्रयोग का हिस्सा बना दिया गया है। शिक्षा परिषद ने परीक्षाओं की समय-सीमा और प्रश्नपत्र की संरचना पर पुनर्विचार करने का आश्वासन दिया है ताकि आगे चलकर छात्रों को ऐसी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

### हावड़ा स्टेशन पर गहन टिकट जांच अभियान, बिना टिकट यात्रियों से वसूले गए 2.20 लाख रुपये



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा स्टेशन पर गुरुवार को रेलवे मजिस्ट्रेट की देखरेख में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया, जिसमें बड़े पैमाने पर परिणाम सामने आए। इस अभियान में 53 टिकट जांचकर्मियों की टीम के साथ रेलवे सुरक्षा बल के 8 और जीआरपी के 2 कर्मियों ने भाग लिया। जांच के दौरान कुल 665 मामलों में अनियमितताएं पाई गईं, जिनमें 452 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए। इन सभी मामलों से कुल 2,20,990 का जुर्माना वसूला गया। पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने यात्रियों से अपील की है कि वे मान्य टिकट के साथ ही यात्रा करें, ताकि सफर सुगम और परेशानी-मुक्त रहे तथा जुर्माने से बचा जा सके।

## मुर्शिदाबाद में बस और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर, एक की मौत व कई घायल

**मुर्शिदाबाद :** जिले के हरिहरपाड़ा थाना अंतर्गत गजनीपुर पेट्रोल पंप से सटे इलाके में शुक्रवार को एक यात्री बस और कार के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें वाहन चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान इनामुल शेख के रूप में की गई है। वह हरिहरपाड़ा थाना अंतर्गत नाजिरपुर गांव का निवासी था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, दोपहर में एक यात्री बस गजनीपुर से बहरामपुर जा रही थी। उसी समय विपरीत दिशा से आ रही केले से लदी एक कार ने उसे सीधी टक्कर मार दी। टक्कर तेज होने के कारण चालक इनामुल शेख मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में, उसकी मौत हो गई।



बताया जा रहा है कि इस घटना में बस में सवार कई यात्री घायल हुए हैं। इस घटना के बाद घायलों को तुरंत रेस्क्यू कर हरिहरपाड़ा प्रखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कांदी उपजिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के बाद घातक वाहन के चालक का शव बरामद कर लिया गया है। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए यातायात जाम हो गया था। अब स्थिति नियंत्रण में है।

### पौष्टिक व्रत-फ्रेंडली आहार: नवरात्रि में सेहत और परंपरा का संतुलन

**कोलकाता, समाज्ञा :** नवरात्रि न केवल भक्ति और अनुशासन का पर्व है, बल्कि सही आहार अपनाकर इसे सेहतमंद भी बनाया जा सकता है। मैक्स हेल्थकेयर की रीजनल हेड - डायटेटिक्स, ऋतिका समद्दार का कहना है कि व्रत के दौरान रिफाइंड शुगर और तली-भुनी चीजों से परहेज कर प्राकृतिक व पोषणयुक्त विकल्प चुनना फायदेमंद है। विशेषज्ञों के अनुसार कैलिफोर्निया बादाम सुबह के लिए आदर्श आहार हैं, जिनमें प्रोटीन, हेल्दी फैट और विटामिन ई जैसे तत्व मौजूद हैं। साबूदाना पारंपरिक ऊर्जा स्रोत है, हालांकि इसकी मात्रा संतुलित रखनी चाहिए। वहीं, कुट्टू का आटा ग्लूटेन-फ्री और फाइबर से भरपूर है, जो लंबे समय तक ऊर्जा देता है। चावल की जगह सामक हल्का और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प माना जाता है। परंपरा और पोषण का यह मेल नवरात्रि उपवास को अधिक संतुलित और ऊर्जावान बनाता है। सही चुनाव कर उपवास केवल धार्मिक साधना ही नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का अभ्यास भी बन सकता है।

### बालीगंज स्टेशन पर स्वच्छोत्सव कार्यक्रम, विक्रेताओं को स्वच्छता के लिए किया जागरूक



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने शुक्रवार को सियालदह दक्षिण खंड के बालीगंज स्टेशन पर विशेष स्वच्छोत्सव - स्वच्छता का उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। यह पहल 17 सितंबर से जारी स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम और आगामी 2 अक्टूबर से शुरू होने वाले स्वच्छता पखवाड़े की तैयारियों के अंतर्गत की गई। इस अभियान का आयोजन पूर्व रेलवे के जनसंपर्क विभाग, पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन प्रकोष्ठ, वाणिज्य विभाग और सुरक्षा कर्मियों के सहयोग से किया गया। भारत स्काउट्स और गाइड्स के स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान बालीगंज स्टेशन पर मौजूद विक्रेताओं को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। उनसे कहा गया कि वे अपने स्टॉल पर छोटे कूड़ेदान रखें और यात्रियों को प्रयुक्त चाय के कप, रैपर, केले के छिलके, प्लास्टिक की बोतलें और अन्य कचरा इन्हीं डिब्बों या रेलवे द्वारा लगाए गए निर्दिष्ट कूड़ेदानों में डालने के लिए प्रेरित करें। रेलवे का मानना है कि इस तरह के सामूहिक और जागरूकता आधारित प्रयास स्टेशन के वातावरण को न केवल स्वच्छ बल्कि सुरक्षित बनाने में भी सहायक होंगे और विक्रेताओं व यात्रियों में जिम्मेदारी की भावना को और सुदृढ़ करेंगे।

## 'राष्ट्ररत्न अवॉर्ड 2025' से विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियां सम्मानित



**कोलकाता, समाज्ञा :** हिंदी समाचार पत्र 'राष्ट्र रंग' द्वारा जेआईएस ग्रुप के सहयोग से आयोजित 'राष्ट्ररत्न अवॉर्ड 2025' समारोह 13 सितम्बर को द पार्क होटल, कोलकाता में भव्यता और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा और उद्योग-व्यापार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तित्वों को 'राष्ट्ररत्न अवॉर्ड' से अलंकृत किया गया। इनमें जेआईएस ग्रुप के एमडी सरदार तरणजीत सिंह, बीबीआईटी कोलकाता के चेयरमैन जगन्नाथ गुप्ता, श्री कृष्ण कम्पनी मैन्युफैक्चर्स प्रा. लि. के एमडी के.डी. अग्रवाल, पन्ना डायमंड वर्ल्ड के निदेशक पिंटू अगरवाला, विस्टा इनोवेटिव केमिकल्स के चेयरमैन लायन अशोक सुराना, आधुनिक ग्रुप के फाउंडर-प्रमोटर निर्मल कुमार अग्रवाल, विशाल फर्निशिंग्स ग्रुप के चेयरमैन अरविंद सिंह, श्री महावीर एजेंसी के निदेशक भीखम चंद पुगलिया, एरागॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. के निदेशक बिरेन्द्र पाण्डेय, प्रख्यात उद्योगपति एवं समाजसेवी डॉ. प्रकाश पारख, स्वागत रियल्टी के चेयरमैन अशोक मिन्नी, मां जगदम्बा इलेक्ट्रिकल्स के चेयरमैन रणधीर सिंह, सुपरट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स के एमडी विष्णु कुमार भंडारी, समाजसेवी जगमोहन बागला, ए.एम.एल. मानव विकास समिति के अध्यक्ष सी.ओ. जोस, सम्पर्क एडवर्टाइजिंग एंड मीडिया प्रा. लि. के निदेशक सतिन्दर राय और विजन स्काई इवेंट के निदेशक कृष्णा केसरी शामिल रहे।

### अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025: स्मार्टफोन्स पर साल की सबसे कम कीमतें

**कोलकाता :** अमेज़न इंडिया का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (एजीआईएफ) 2025 23 सितम्बर से शुरू होगा, जबकि प्राइम मेंबर्स को 22 सितम्बर से एक्सेस मिलेगा। इस सेल में आईफोन 15, सैमसंग गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, वनप्लस 13, आईक्यूओओ नियो 10 जैसे प्रीमियम स्मार्टफोन्स पर शानदार ऑफर्स और 24 महीने तक नो कॉस्ट ईएमआई का विकल्प मिलेगा। बजट स्मार्टफोन्स 6749 रुपये से शुरू होंगे। मोबाइल एक्सेसरीज़ पर 80% तक की छूट, एसबीआई कार्ड पर 10% इंस्टेंट डिस्काउंट और अमेज़न पे आईसीआईसीआई कार्ड से असीमित कैशबैक भी मिलेगा। साथ ही लैपटॉप, टैबलेट और ऑडियो डिवाइसेज़ पर 75% तक की छूट मिलेगी, जिससे ग्राहक अपनी हर ज़रूरत और शौक पूरे कर सकेंगे।

## चिरेका में स्वच्छता ही सेवा-2025 के तहत वॉकथॉन और हेल्थ कैंप का आयोजन



**चित्तरंजन :** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के तीसरे दिन जन जागरूकता के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम चिरेका खेलकूद संगठन द्वारा चित्तरंजन क्लब से शुरू किया गया, जिसमें चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा किरण बधान, संगठन की सदस्याएं, खेलकूद संगठन के अध्यक्ष-सचिव, विभागीय प्रमुख, वरीय अधिकारी, खिलाड़ी और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। अभियान के अंतर्गत 18 सितंबर को केजी हॉस्पिटल, चिरेका में सफाई मित्रों के लिए हेल्थ कैंप भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वच्छता ही सेवा-2025 के तहत जागरूकता और स्वच्छता को प्रोत्साहित करने वाले विभिन्न कार्यक्रम 2 अक्टूबर 2025 तक रेलनगरी, कारखाने और विभिन्न कार्यालयों में प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर आयोजित किए जा रहे हैं।

## पीआईबी कोलकाता में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति समर्पण जताया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत सरकार के पीआईबी (पूर्वी क्षेत्र) के महानिदेशक टीवीके रेड्डी ने शुक्रवार को पीआईबी कोलकाता के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पीआईबी की अतिरिक्त महानिदेशक जेन नामचू भी उपस्थित रहीं। सभी कर्मचारियों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रति वर्ष 100 घंटे या प्रति सप्ताह दो घंटे स्वच्छता गतिविधियों में योगदान देने का संकल्प लिया। पीआईबी कोलकाता इस पहल के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा मनाएगा, जो 2 अक्टूबर, स्वच्छता दिवस के साथ समाप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान के तहत पौधारोपण किया जाएगा और कार्यालय परिसर तथा आसपास के सार्वजनिक स्थानों, घाटों और पार्कों की सफाई की जाएगी। इसके अलावा, केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित स्वच्छता गतिविधियों का प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाएगा, ताकि वे स्वच्छ और स्वास्थ्यकर आदतें अपनाएं और अभियान को मजबूती मिले।



### मालदह में मचान से गिरकर पानी में डूबा डेढ़ साल का मासूम, मौत

**मालदह :** जिले के मानिकचक थाना अंतर्गत भूतनी द्वीप स्थित गौरांगटला में शुक्रवार की सुबह मचान पर सोते समय डेढ़ साल का एक बच्चा बिस्तर से लुढ़ककर जमे पानी में डूब गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि पिछले एक महीने से भूतनी इलाके का बड़ा हिस्सा बांध टूटने के कारण जलमग्न है। बाढ़ जैसी स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने घरों के भीतर ही पानी के ऊपर मचान बनाकर शरण लिया है। इसी मचान पर पूरा परिवार सोया हुआ था। गुरुवार की देर रात जब मां-बाप जागे तो बच्चा सो रहा था, लेकिन नींद में ही अचानक वह बिस्तर से लुढ़ककर पानी में जा गिरा। परिजनों ने तत्काल बच्चे को निकटस्थ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## सद्ग्रंथों से जीवन को करो आनंदित:आचार्य श्रीकांत शर्मा 'बाल व्यास'

**कोलकाता :** भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीलाएं मंगलकारी है। गोपियां गोकुल की साधारण नाचने लड़की नहीं है। गोपियां परम साधक, ऋषि-मुनि हैं। गोपियां भगवान कृष्ण से महारास के लिए लाखों वर्षों तक तपस्या की थी। भगवान कृष्ण ने निर्णय लिया कि आज वह दिन आ गया जब गोपियों के मनोरथ पूर्ण किया जाए। भगवान ने अपने अधरो पर बांसुरी लिया और बजाया।बाँसुरी की आवाज सुनकर गोपियां आई। भगवान कृष्ण ने गोपियों के संग महारास किया। महारास परमात्मा और जीवात्मा की मिलन लीला है। महारास जीव से शिव से मिलाने की कथा है। महारास की जो कथा सुनाता है और जो सुनता है ,उसके हृदय का रोग ठीक हो जाता है। जीवन में गोपी जैसा कोई मिल जाए तो उद्धव की तरह कृष्ण प्रेम जागृत हो जाएगा। सद्गुरू, गाय और हमारे सद्ग्रंथ महान संत की तरह हैं, इसे अपनाकर अपने जीवन को आनंदित कीजिए। भगवान का स्वभाव है कि जो उनको चाहता है, उनसे प्रेम करता है, उसे अपना लेते हैं। रूक्म अपनी बहन रुक्मणी का विवाह शिशुपाल से निश्चित कर दिया था पर रुक्मणी तो द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण से विवाह करना चाहती थी। रुक्मणी ने अपनी भावना को मां को बताकर श्रीकृष्ण को एक ब्राह्मण के माध्यम से अपना संदेश-पत्र भेजा। अपने संदेश पत्र में रुक्मणी ने लिखा, हे चक्र चलाने वाले मोहन! अब मुझे जिन्दा करो। मैं आपसे ही विवाह करूंगी शिशुपाल से नहीं। इधर शिशुपाल रुक्मणी से विवाह करने के लिए सैन्य बल और अन्य राजाओं को एकत्रित करने लगा पर उसे बुरे सपने आने लगे। बुरा सपना देखने पर भगवान का भजन करना चाहिए। उधर श्रीकृष्ण को अच्छे सपने आने लगे। सपने आते हैं तो प्रकृति सपने के माध्यम से आगे की बात सुझाती है। श्रीकृष्ण रुक्मणी की प्रार्थना को सुनकर आते हैं, रुक्मणी को ले जाते हैं और विवाह करते हैं। इस दौरान रूक्म से कृष्ण का युद्ध होता है। अंत में, कृष्ण रूक्म को मारने वाले ही थे तब रुक्मणी ने ऐसा न करने की प्रार्थना करने लगी। रूक्म को जब पता चल गया कि कृष्ण भगवान है तब कृष्ण ने उस कृपा कर उसे अपना चतुर्भुज स्वरूप दिखाया।



ये बातें राजस्थान गौ कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए आचार्य श्रीकांत शर्मा 'बाल व्यास' ने गणपति राजेश सभागार में कहीं। प्रवचन के दौरान आचार्य शास्त्री ने कहा कि जो माता-पिता की सेवा नहीं करता है, वह अगले जन्म में पिशाच बनता है। मालूम हो कि यह श्रीमद्भागवत कथा सुरभि सदन गौशाला के निर्माण, विकास और संचालन हेतु आयोजित की गई है। कथा को सफल बनाने में विश्वनाथ सेकसरिया, चम्पालाल सरावगी, राजेन्द्र प्रसाद बुबना, प्रेमचंद ढांढनिया, सत्यनारायण देवरालिया, बालकिसन नेवटिया, राहुल दीवान, प्रकाश केडिया, रामस्वरूप गोयनका, विनय मस्करा, अजय पोद्दार, सिद्धार्थ दीवान, रमेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्य सक्रिय है। इस अवसर ओम जालान, निर्मल सर्राफ, शकुंतला दीवान, विमल दीवान, अरूण दीवान, अनीता बुबना, रेखा केडिया, रश्मि बुबना, संगीता चूड़ीवाला, अनूप चूड़ीवाला, रामकथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी, लक्ष्मण प्रसाद बुबना, नीरज बुबना, संजीव बुबना, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय मस्करा ने किया।

# न्याय की आस लगाए परिवार ने अदालत में किया प्रदर्शन, दिव्यांग नाबालिग से दुष्कर्म के बाद की गई थी हत्या

**हुगली :** जिले के कोन्नगर के कनाइपुर पंचायत क्षेत्र में चार माह पहले हुए दिव्यांग नाबालिग की दुष्कर्म के बाद हत्या को मामले को लेकर परिजनों का गुस्सा श्रीरामपुर महकमा अदालत में शुक्रवार को सुनवाई के दौरान फूट पड़ा। पीड़ित परिवार का आरोप है कि श्रीरामपुर लोकसभा से सांसद एवं अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने आश्वासन दिया था की तीन महीने में न्याय मिलेगा । लेकिन अब तक कोई फैसला सामने नहीं आया। चार महीने बीत जाने के बाद भी न्याय न मिलने पर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार को मृतका का परिवार श्रीरामपुर अदालत के बाहर धरना-प्रदर्शन पर उतर आया।

**❑ मामला क्या है**

27 मई को कोन्नगर कनाइपुर कॉलोनी में रहने वाली एक दिव्यांग नाबालिग को पड़ोस के ही



एक युवक ने पहले दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने शव को केले के बागान में फेंक दिया था। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने पड़ोसी युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह स्वीकार भी कर लिया।

**❑ राजनीति से अदालत तक**

इस वीभत्स घटना ने राज्यभर में राजनीतिक हलचल मचा दी थी। स्थानीय सांसद कल्याण बंद्योपाध्याय खुद मृतका के परिवार के साथ खड़े होकर आश्वासन दिया था कि वे इस केस को लड़ेंगे और तीन महीने में न्याय दिलाएंगे। वे अदालत में भी परिवार की ओर से पेश हुए थे।

**❑ परिवार का आरोप**

चार महीने बाद भी न तो न्याय मिला, न ही केस की प्रगति की जानकारी। परिवार ने आरोप लगाया हमें नहीं पता कि हमारी ओर से कौन वकील केस लड़ रहा है। सांसद ने तीन महीने में न्याय का भरोसा दिया था, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। हम केवल तारीख पर तारीख पा रहे हैं।

**❑ बचाव पक्ष की दलील**

वहीं आरोपी पक्ष के वकील ने कहा कि इस तरह के मामलों में तीन महीने में कभी भी फैसला नहीं हो सकता। मामले में कुल 42 गवाह हैं। जांच और सुनवाई में समय लगेगा। सांसद कल्याण बंद्योपाध्याय ने जनता को गुमराह करने के लिए गिमिक किया था।

**❑ परिवार असमंजस में**

अब परिवार इस उहापोह में है कि क्या सांसद इस केस को सच में आगे लड़ेंगे या फिर राजनीतिक बयानबाजी तक ही मामला सीमित रह जाएगा। मृतका के परिजन कहते हैं कि चार महीने बीत चुके हैं, हमें अब भी नहीं पता कि हमारे साथ क्या होगा। न्याय कब मिलेगा, यह सबसे बड़ा सवाल है।

जानकारों की मानें तो यह मामला एक बार फिर से राज्य की राजनीति में तूल पकड़ सकता है, क्योंकि पीड़ित परिवार ने साफ कह दिया है कि वे अब आंदोलन तेज करेंगे।

## रोजवैली मामले में हाईकोर्ट का बड़ा कदम, संपत्ति बिक्री की पूरी रिपोर्ट व फॉरेंसिक ऑडिट का आदेश

**कोलकाता :** रोजवैली घोटाले में निवेशकों का पैसा लौटाने की प्रक्रिया पर एक बार फिर सवाल उठे हैं। शुक्रवार को न्यायमूर्ति राजर्षि भट्टाचार्य और न्यायमूर्ति शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) को रोजवैली की संपत्ति बिक्री से जुड़े सभी लेन-देन की विस्तृत जांच और फॉरेंसिक ऑडिट कराने का निर्देश दिया।

**हाईकोर्ट ने साफ किया कि सेबी को तीन अहम बिंदुओं पर रिपोर्ट देनी होगी:**

❑ रोजवैली की 10 संपत्तियों की बिक्री रिपोर्ट, जिसमें बाजार दर के मुकाबले किस कीमत पर बेची गईं, उसका पूरा ब्यौरा शामिल हो।

❑ रोजवैली से जुड़े सभी लेन-देन और लेखा-जोखा का फॉरेंसिक



ऑडिट कर रिपोर्ट पेश की जाए।

❑ चॉकलेट ग्रुप से एडीसी ने किस तरह और कितनी वैधता के साथ धन लिया, उसकी जांच हो।

एडीसी ने सेबी की भूमिका पर आपत्ति जताई और कहा कि अदालत चाहे तो किसी स्वतंत्र एजेंसी से ऑडिट करवा सकती है, क्योंकि सेबी अकाउंट्स विशेषज्ञ नहीं है। लेकिन अदालत ने यह तर्क खारिज कर दिया और कहा, सीबीआई और ईडी जांच कर रहे हैं, लेकिन फॉरेंसिक ऑडिट अब तक नहीं हुआ है। सेबी के पास अकाउंट्स का विशेष विंग है, इसलिए यह जिम्मेदारी उसी की होगी।

एडीसी के वकील से अदालत ने सवाल किया कि क्या इसमें उनका निजी स्वार्थ है, क्योंकि वे ऑडिट से बचना चाह रहे हैं। अदालत ने दो टूक कहा कि पहले रिपोर्ट आनी चाहिए, उसके बाद ही आगे की चर्चा होगी।

अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि लगभग 500 करोड़ रुपये बैंक में जमा होने के बावजूद एडीसी ने निवेशकों को लौटाने की कोई पहल नहीं की है। इस पर भी अदालत की नजर है।

मामले की अगली सुनवाई 26 सितंबर को होगी और उससे पहले सेबी को अपनी पहली रिपोर्ट अदालत में जमा करनी होगी।

## हावड़ा में इत्र की शीशी लेकर स्कूल पहुंची बच्ची की बेरहमी से पिटाई, शिक्षक गिरफ्तार

हावड़ा, समाज्ञा

हावड़ा के बांकड़ा क्षेत्र में शुक्रवार को एक निजी अंग्रेजी माध्यम किंडरगार्टन स्कूल में पांच वर्षीय बच्ची के साथ अमानवीय व्यवहार का मामला सामने आया है। आरोप है कि बच्ची को स्कूल में इत्र (अत्तर) की छोटी शीशी लाने पर प्रधान शिक्षक ने बेरहमी से पीटा, जिससे उसके गाल और आंख के नीचे चोट के निशान पड़ गए। सूत्रों के अनुसार, बच्ची की मां ने उसे सुबह स्कूल जाते समय एक इत्र की शीशी उपहार में दी थी। कक्षा के दौरान जब बच्ची ने बैग से वह शीशी निकाली तो प्रधान शिक्षक ने पूछताछ की। बच्ची ने बताया कि इत्र उसकी मां ने दिया है। इस पर शिक्षक गुस्से में आकर कथित रूप से बच्ची को बुरी तरह पीटने लगे। पिटाई के बाद बच्ची को कक्षा में ही बैठाए रखा गया और परिजनों को घटना की जानकारी नहीं दी गई। बाद में जब परिवारजन को मामला पता चला तो उन्होंने बच्ची को तुरंत डोमजूर ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद बच्ची को छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने स्कूल में विरोध प्रदर्शन किया। बच्ची के पिता ने कहा, बच्चे हैं, थोड़ी बहुत गलती करेंगे ही, लेकिन इस तरह पीटना निंदनीय है। आरोपी प्रधान शिक्षक ने पिटाई की बात स्वीकार की है, लेकिन इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

## एसएससी ग्रुप सी और डी भत्ता मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, 30 जनवरी 2026 तक नहीं दिया जाएगा भत्ता

**कोलकाता :** एसएससी से बर्खास्त ग्रुप सी और ग्रुप डी कर्मचारियों के भत्ते को लेकर शुक्रवार को कोलकाता हाईकोर्ट ने बड़ा निर्देश जारी किया। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने भत्ता वितरण पर जारी अंतरिम स्थगन आदेश की अवधि बढ़ाते हुए साफ कर दिया कि अब 30 जनवरी 2026 तक किसी तरह का भत्ता नहीं दिया जाएगा।

गौरतलब है कि वर्ष 2016 के एसएससी पैनल में शामिल लगभग 26 हजार लोगों की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी थी। इनमें बड़ी संख्या में ग्रुप सी और ग्रुप डी के कर्मचारी शामिल थे। इसी वर्ष मई महीने में राज्य सरकार ने इन बर्खास्त कर्मियों को भत्ता देने का निर्णय लिया था। योजना के अनुसार, ग्रुप सी कर्मचारियों को 25 हजार रुपये और ग्रुप डी कर्मचारियों को 20 हजार रुपये देने की घोषणा की गई थी।

हालांकि, इस फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। पहले भी अदालत ने इस पर अंतरिम रोक लगाई थी। अब न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने उस स्थगन आदेश की अवधि बढ़ाते हुए स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक भत्ता नहीं दिया जा सकेगा।

इस आदेश के बाद हजारों एसएससी बर्खास्त कर्मियों की उम्मीदों को झटका लगा है, जबकि मामले की अगली सुनवाई का सभी को इंतजार रहेगा।

## मुख्यमंत्री के पूजा अनुदान के बीच हावड़ा में बीजेपी नेताओं का विवादित फैसला



**हावड़ा, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राज्य के दुर्गा पूजा कमेटियों को 1 लाख 10 हजार रुपये का सरकारी अनुदान देने की घोषणा के बावजूद हावड़ा में दो बीजेपी नेताओं की विरोधाभासी स्थिति सामने आई है। दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज के बाद अब हावड़ा के दो क्लबों की दुर्गा पूजा कमिटियों के शीर्ष पर बैठे बीजेपी नेता सरकारी अनुदान सीधे तौर पर ले रहे हैं। हावड़ा की इन दो पूजा कमेटी में से एक है बेलिलियास रोड का 'जुग्म क्लब कर्मीचक्र', जिसकी अध्यक्षता बीजेपी के राज्य स्तरीय नेता संजय सिंह करते हैं। इस वर्ष भी इस क्लब ने हावड़ा थाना से 1 लाख 10 हजार रुपये का सरकारी अनुदान लिया। संजय सिंह ने कहा कि वे अब सीधे पूजा से जुड़े नहीं हैं और क्लब के अन्य सदस्य सभी जिम्मेदारियां संभालते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूजा कमिटी ने पैसा लिया या नहीं, इसकी पुष्टि उन्हें करनी होगी।

दूसरी कमेटी है दासनगर के आड़पाड़ा एपीजे क्लब, जिसके आह्वायक बीजेपी के शिवपुर मंडल युवा अध्यक्ष संदीप माल हैं। यह कमेटी इस वर्ष 21वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। हालांकि, अभी तक उन्हें सरकारी अनुदान नहीं मिला है, लेकिन चेक मिलने पर वे इसे लेने के लिए तैयार हैं। संदीप माल ने कहा, यह किसी का निजी पैसा नहीं है, यह सरकारी पैसा है, जनता का पैसा है। पूजा के लिए यह पैसा लिया जाएगा ही। इस प्रकार हावड़ा में बीजेपी नेताओं की यह विरोधाभासी स्थिति फिर एक बार सार्वजनिक रूप से सामने आई है, जो उनकी नीति में असंगति को उजागर करती है।

## महालया के दिन 21 सितंबर को सर्कुलर रेलवे सेवाओं में रहेगा बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने महालया तर्पण के अवसर पर 21 सितंबर को सर्कुलर रेलवे की ट्रेनों के संचालन में विशेष बदलाव करने का निर्णय लिया है। इस दिन यात्रियों को कई सेवाओं में आंशिक प्रतिबंध और कुछ ट्रेनों की रद्दीकरण का सामना करना पड़ेगा। सूचना के अनुसार सात सर्कुलर ईएमयू लोकल ट्रेनें (30322, 30128, 30324, 30346, 30312, 30314 और 30122) कोलकाता स्टेशन पर शॉर्ट-टर्मिनेट होंगी और सात ट्रेनें (30145, 30121, 30333, 30331, 30311, 30111 और 30313) वहीं से शॉर्ट-ओरिजिनेट की जाएंगी। इसके अलावा, एक ट्रेन (30344) बारासात पर शॉर्ट-टर्मिनेट होगी, जबकि एक ट्रेन (30154) सियालदह नॉर्थ स्टेशन पर डायवर्ट कर शॉर्ट-टर्मिनेट होगी और एक ट्रेन (30123) वहीं से शुरू होगी। कांकुरगाछी रोड -बालीगंज मार्ग के माध्यम से दो ट्रेनें (30142 और 30332) माझेरहाट तक डायवर्ट की जाएंगी। वहीं, 30353 और 30135 ट्रेनें डायवर्ट मार्ग के माध्यम से क्रमशः माझेरहाट और बालीगंज होते हुए संचालित होंगी। बालीगंज स्टेशन पर दो ट्रेनें (30511 और 30711) शॉर्ट-टर्मिनेट होंगी और दो ट्रेनें (30712 और 30552) वहीं से शॉर्ट-ओरिजिनेट की जाएंगी। इसके अलावा, दो और ट्रेनें (30342 और 30112) डायवर्ट कर बालीगंज पर शॉर्ट-टर्मिनेट होंगी और दो ट्रेनें (30321 और 30317) शॉर्ट-ओरिजिनेट होकर बालीगंज-कांकुरगाछी रोड मार्ग से चलेंगी। साथ ही, नौ ट्रेनें (30412, 30416, 30411, 30451, 30351, 31223, 30113, 30116 और 31242) पूरी तरह रद्द रहेंगी। हालांकि, एक विशेष सियालदह-बारुईपुर ईएमयू ट्रेन शाम 7:10 बजे सियालदह से चलेगी और बालीगंज से 30451 ट्रेन के मार्ग का पालन करेगी।

## बंगबसी इवनिंग कॉलेज में हिंदी दिवस मनाया गया




**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगबसी इवनिंग कॉलेज के हिंदी विभाग और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के प्रधान अतिथि के रूप में पूर्व डीजी, पश्चिम बंगाल सरकार, मृत्युंजय कुमार सिंह उपस्थित हुए। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजीब चट्टोपाध्याय ने अपने वक्तव्य में भाषाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रधान अतिथि मृत्युंजय कुमार सिंह ने बंगभूमि में हिंदी विषय पर विस्तार से अपना विचार रखा।

## भाजपा और आरएसएस ने विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार करने के लिए समन्वय बैठकों के दौर को पूरा किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश भाजपा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की राज्य इकाई के साथ समन्वय बैठकों का एक मैराथन दौर पूरा कर लिया है। इन बैठकों का उद्देश्य राज्य में अपने अभियान का खाका तैयार करने के साथ संगठनात्मक रणनीति को तैयार करना था। बुधवार की रात शुरू हुई दो दिवसीय बैठकों में भाजपा के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व के साथ-साथ आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हुए। राष्ट्रीय संगठन महासचिव बी एल संतोष ने प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और अन्य के साथ विचार-विमर्श का नेतृत्व किया। आरएसएस के वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह चर्चा भाजपा संगठन को मजबूत करने, उसकी पहुंच बढ़ाने और 2021 के चुनाव के बाद से पार्टी के विकास में बाधा डालने वाली अड़चनों को दूर करने के लिए एक रूपरेखा तैयार करने पर केंद्रित रही। इस वर्ष विजयादशमी (दो अक्टूबर) को होने वाले आरएसएस के शताब्दी समारोह और बंगाल में एसआईआर के कार्यान्वयन जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दों पर भी बातचीत हुई। एक वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी ने कहा कि वर्ष 2026 के चुनाव से पहले तालमेल सुनिश्चित करने के लिए पार्टी और संघ के बीच समन्वय पर ध्यान केंद्रित किया गया। भाजपा कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाहती। चर्चा गुरुवार की रात को समाप्त हुई। हालांकि, विचार-विमर्श के बावजूद पार्टी की नई राज्य समिति को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका, जो भाजपा की बंगाल इकाई के भीतर की गुटबाजी को दर्शाता है।

बताया जा रहा है कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य के नेताओं पर अपने मतभेदों को जल्द से जल्द सुलझाने और भट्टाचार्य के नेतृत्व में एक कार्यात्मक टीम बनाने का दबाव डाला है। प्रमुख संगठनात्मक भूमिकाओं के लिए रितेश तिवारी, राजू बनर्जी, संजय सिंह, प्रबल राहा, लॉकेट चटर्जी और ज्योतिर्मय सिंह महतो सहित कई नेताओं के नाम विचाराधीन हैं। अग्रिम मोर्चे की बात करें, तो महिला शाखा के लिए शशि अग्निहोत्री और रूपा गांगुली, जबकि युवा शाखा के नेतृत्व के लिए तरुणज्योति तिवारी और सुरंजन सरकार संभावित उम्मीदवार हैं।

## हिन्दी दिवस समारोह पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** आई.क्यू.ए.सी. एवं सेंट पॉल्स कैथेड्रल मिशन कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर कॉलेज के टीचर-इन-चार्ज डॉ. सुद्दीप्त मिद्दे ने प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अपने स्वागत वक्तव्य में हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि हिन्दी हमारी जातीय भाषा है वह अस्मिता, पहचान की भाषा है, संपर्क की भाषा है। इस अवसर पर काव्य-आवृत्ति, कविता पोस्टर, आशु भाषण, वाद-विवाद और सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी विजेताओं क्रमशः रोहित मिश्रा, निकिता शर्मा, पलक सिंह, सुमन गोंड, सोनू महतो, अमरनाथ राय, साक्षी कुमारी, अंशु आदि को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन किया प्रो. आरती यादव ने और धन्यवाद ज्ञापन किया प्रो. परमजीत कुमार पंडित ने। इस अवसर पर प्रो. झेलम घोष, प्रो. प्रीतम रजक आदि प्राध्यापक और बहुसंख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गंगा लोध, जितेन्द्र नायक और विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका रही।

## कोलकाता में एमसीसीआई की 124वीं वार्षिक आम बैठक, पश्चिम बंगाल में निवेश और आर्थिक विकास पर जोर

कोलकाता, समाज्ञा

मर्चेंट्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) ने शुक्रवार को क्रिस्टल हॉल, ताज बंगाल, कोलकाता में अपनी 124वीं वार्षिक आम बैठक आयोजित की। इस अवसर पर डॉ. अमित मित्रा, मुख्य सलाहकार, मुख्यमंत्री एवं वित्त विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार और संजीव पुरी, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, आईटीसी लिमिटेड ने अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में स्टील, पावर, फूड प्रोसेसिंग और टूरिज्म क्षेत्रों के एमसीसीआई सदस्यों ने अगले दो वर्षों में पश्चिम बंगाल में कुल 49,561 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणाएं कीं। डॉ. मित्रा ने '2030 तक पश्चिम बंगाल की जीडीपी दोगुनी करने: रोडमैप और सुधार' विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में राज्य की जीडीपी चार गुना बढ़ी है और कर संग्रह 21 हजार करोड़ से बढ़कर 90,000 करोड़ रुपये (2023 24) हो गया है। उन्होंने छोटे उद्योगों और बड़े उद्योगों के 'डुअल स्ट्रेटेजी' मॉडल पर जोर दिया और राज्य में 415 टैनरी के साथ बंतला में लेदर हब को महत्वपूर्ण निवेश पहल बताया।

डॉ. मित्रा ने लॉजिस्टिक्स सेक्टर को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में मान्यता देने, तीन औद्योगिक कॉरिडोर स्थापित करने और सिलिकॉन वैली हब में 11 डेटा सेंटर आने की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के भविष्यत क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 50,000 छोटे उद्यमियों का




पंजीकरण हो चुका है। उन्होंने एमसीसीआई से युवाओं के कौशल अंतर को कम करने के लिए आईटीआई और पॉलिटेक्निक अपनाने का सुझाव दिया। श्री संजीव पुरी ने 'उथल-पुथल भरी दुनिया में प्रतिस्पर्धा की पुनर्कल्पना' पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने पश्चिम बंगाल को कृषि और जल संसाधनों में संपन्न बताते हुए निवेश और नवाचार, आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता, प्रतिस्पर्धा और कौशल विकास पर जोर दिया। बैठक की शुरुआत एमसीसीआई के अध्यक्ष अमित सारोगी के स्वागत संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था की स्थिति, 2025 26 में अनुमानित जीएसडीपी और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रीति ए. सूरेका द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

### कौन सी कंपनी कितना निवेश करेगी

| | |
|---|---|
| ❑ रश्मि ग्रुप - | 14,586 करोड़ |
| ❑ शाकंभरी ग्रुप - | 10,000 करोड़ |
| ❑ श्याम स्टील इंडस्ट्रियल लिमिटेड - | 6000 करोड़ |
| ❑ गिरधन मेटल प्राइवेट लिमिटेड - | 6000 करोड़ |
| ❑ सुपर स्मेल्टर्स लिमिटेड - | 8000 करोड़ |
| ❑ एआईसी आयरन इंडस्ट्रियल (प्रा.) लिमिटेड - | 3000 करोड़ |
| ❑ अनमोल फीड्स - | 500 करोड़ |
| ❑ पीपीपी ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड - | 500 करोड़ |
| ❑ मॉर्टेक्स (इंडिया) - | 400 करोड़ |
| ❑ कुशल भारत ग्रुप - | 300 करोड़ |
| ❑ ल्यूमिनो इंडस्ट्रीज - | 225 करोड़ |
| ❑ लिंक पेन - | 50 करोड़ |

## जीतो के तत्वावधान में कोलकाता में कल भव्य क्षमोत्सव समारोह

**कोलकाता, समाज्ञा :** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) कोलकाता के तत्वावधान में आगामी 21 सितंबर को भव्य सामूहिक क्षमोत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रातः 9:00 बजे से आरम्भ होगा, जिसमें सकल जैन समाज की व्यापक उपस्थिति रहने की संभावना है। इसी श्रृंखला में जीतो कोलकाता के चेयरमैन धर्मेंद्र जैन ने जीमेश मुनि ठाणा 3 की उपस्थिति में डिविनिटी बैंक्वेट में सायं 6:30 बजे समाजजनों से भेंट कर अपने विचार रखे और सभी को इस समारोह में सहभागी बनने का विनम्र निवेदन किया। सामूहिक क्षमोत्सव का यह आयोजन जैन समाज में आत्मशुद्धि, मैत्रीभाव और आपसी सौहार्द को सुदृढ़ करने




का अनुपम अवसर प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम की जानकारी दिनेश जैन गंगवाल ने दी।

इस आयोजन में सक्रिय सहयोग सुरेश गोयल, धर्मेंद्र चोरड़िया, दिनेश जैन गंगवाल, युगशक्ति संपादक सुधांशु सिंह, जय सिंह डागा, युवक परिषद अध्यक्ष राजीव बोथरा व उनकी टीम के साथ 200 से अधिक अनुयायियों ने दिया। इसके अतिरिक्त अजय भंसाली, बुधमल लूनिया, संजय सिंघी, सुनीता सेठिया सहित कई समाजजन विशेष रूप से जुड़े।

## कोलकाता कॉलेज विवाद : प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर दर्ज

कोलकाता, समाज्ञा

कोलकाता के मशहूर रानी बिरला गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल श्रावन्ती भट्टाचार्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने से नया विवाद खड़ा हो गया है। यह वही प्रिंसिपल हैं जिन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भाभी और कॉलेज की वर्किंग कमेटी की अध्यक्ष कजरी बनर्जी के फैसले को कलकत्ता हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। जानकारी के अनुसार, यह एफआईआर 12 सितम्बर को शेक्सपियर सरणी थाने में दर्ज की गई थी, लेकिन इसका खुलासा शुक्रवार को हुआ। खास बात यह है कि एफआईआर दर्ज होने की खबर उस समय सामने आई जब एक दिन पहले ही हाई कोर्ट की एकल पीठ ने कजरी बनर्जी द्वारा प्रिंसिपल को दिए गए निलंबन आदेश और कारण बताओ नोटिस पर अंतरिम रोक लगा दी थी। अदालत की टिप्पणी के अगले ही दिन कॉलेज के हिंदी शिक्षक मंटू दास ने प्रिंसिपल के खिलाफ जातिगत आधार पर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। दास का कहना है कि वह 2014 से इस कॉलेज में पढ़ा रहे हैं और 2022 में श्रावन्ती भट्टाचार्य के प्रिंसिपल बनने के बाद से उन्हें लगातार अपमान झेलना पड़ा। प्रिंसिपल ने आरोपों से साफ इनकार किया है और कहा कि वह इस मामले पर अब कोई टिप्पणी नहीं करेंगी क्योंकि यह मामला कॉलेज विवाद से जुड़ा है, जिस पर सुनवाई हाई कोर्ट में चल रही है।

## श्री जैन विद्यालय में पूजा से पहले वंचित वर्ग के लिए समारोह आयोजित




**हावड़ा, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा से पहले वंचित वर्ग के लिए सायंकालीन विद्यालय 'नीव' के बच्चों के साथ पूजा समारोह का आगाज हुआ। कार्यक्रम हावड़ा के श्री जैन विद्यालय में आयोजित किया गया। टीम छत्रछाया द्वारा आयोजित कार्यकम में मुख्य अतिथि के तौर पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व वरिष्ठ न्यायाधीश सौमित्र पाल व विशिष्ट अतिथि जैन विद्यालय के पूर्व छात्र कलकत्ता उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर कुमार मेहता, संस्था अध्यक्ष सरदारमल कांकरिया, ललित कांकरिया उपस्थित रहे। बच्चों द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का योग, नाच गाने और ताई क्वानडो की करतब से बच्चों ने सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नींव की संचालिका शशि कांकरिया प्रशन्नचित मुद्रा में बच्चों को उत्साहित करती रहीं। श्री जैन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मौसमी घोषाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सोमेन चक्रवर्ती, विनोद सिंह और गरिमा सिंह ने महती भूमिका निभाई।

## उच्च शिक्षण संस्थान में 837 करोड़ का घोटाला, सुकांत मजूमदार बोले... 'न्यायालय में होगा सच उजागर'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मौलाना अबुल कलाम आजाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (माकाउट) में भारी वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। केंद्रीय मंत्री व पूर्व भाजपा अध्यक्ष डॉ. सुकांत मजूमदार ने दावा किया है कि ऑडिट रिपोर्ट में विश्वविद्यालय द्वारा सार्वजनिक धन के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का पर्दाफाश हुआ है। मजूमदार ने शुक्रवार को इससे संबंधित दस्तावेजों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डाला है। इसमें उन्होंने दावा किया है कि करीब 837 करोड़ की गड़बड़ी सामने आई है। इसमें 342 करोड़ की राशि बिना हिसाब के या दूसरी जगह खर्च की गई, 128 करोड़ के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र तक जमा नहीं किए गए, 96 करोड़ की सामग्री की खरीद ऊंचे दाम पर दिखाई गई, 214 करोड़ अग्रिम दिए गए लेकिन काम पूरा ही नहीं हुआ और 57 करोड़ फर्जी या दोहराए गए लाभार्थियों के नाम पर खर्च कर दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सीधे-सीधे करदाताओं के पैसे की लूट है और जवाबदेही शून्य है। इस मामले में एक जनहित याचिका (पीआईएल) भी कलकत्ता हाईकोर्ट में दायर की गई है। अदालत की डिवीजन बेंच ने संबंधित अधिकारियों को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है और सुनवाई पूजा अवकाश के बाद होगी। मजूमदार ने ट्वीट कर कहा कि 837 करोड़ की लूट हुई है। सच अदालत में सामने आएगा और न्याय जरूर मिलेगा।

## आसनसोल में दुर्गा प्रतिमा खंडित करने के आरोप में युवक की बिजली के खंभे से बांधकर पिटाई

आसनसोल : आसनसोल दक्षिण थाना क्षेत्र के महिशीला पालपाड़ा इलाके में दुर्गा प्रतिमा के चेहरे तोड़कर चुराने के आरोप में एक युवक को बिजली के खंभे से बांधकर पीटने की घटना से इलाके में तनाव और चंचलता फैल गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मूर्ति निर्माता बापी पाल की कार्यशाला से दुर्गा प्रतिमा के दो चेहरों को एक युवक ने तोड़कर उठा लिया। बाद में वे चेहरे इलाके के ही एक अन्य मृत्तिका कलाकार हरी पाल की कार्यशाला से बरामद किए गए। बापी पाल का कहना है कि जिन दो चेहरों को चुराया गया, वे बेहद खास थे और उनका साँचा (मोल्ड) किसी अन्य मृत्तिका कलाकार के पास नहीं था। इसीलिए आरोपित युवक ने शायद उन चेहरों का उपयोग खुद का सांचा तैयार करने के लिए किया। उल्लेखनीय है कि जिनमें से एक प्रतिमा आज ही पूजा कमेटी को सौंपे जाने वाली थी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर बिजली के खंभे से बांध दिया और उसकी पिटाई की। घटना की जानकारी मिलते ही आसनसोल दक्षिण थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि, आरोपी युवक ने सभी आरोपों को सिरे से नकार दिया है।

## भारतीय जूनियर स्पीड स्केटर अनीश राज ने चीन में कांस्य पदक जीता

**नयी दिल्ली:** भारतीय जूनियर स्पीड स्केटर अनीश राज ने चीन के बेइदैहे में हुई 73वीं इनलाइन स्पीड विश्व चैम्पियनशिप में जूनियर पुरूषों के वन लैप रोड स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। अनीश ने 39 . 714 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन में 13 से 21 सितंबर तक चल रहे टूर्नामेंट में 42 देशों के प्रतियोगी भाग ले रहे हैं। भारत के 19 खिलाड़ियों ने अलग अलग वर्गों में भाग लिया। अनीश ने इस साल दक्षिण कोरिया में हुई 20वीं एशियाई रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था।

## श्रीलंका की निगाह विजय अभियान जारी रखने पर, पलटवार करना चाहेगा बांग्लादेश

**दुबई:** ग्रुप शरण में अपनी सभी मैच जीत कर उत्साह से भरी श्रीलंका की टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले एशिया कप सुपर 4 के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। चरिथ असलांका के कुशल नेतृत्व में, श्रीलंकाई टीम ग्रुप बी में तीन मैचों में जीत के साथ शीर्ष पर रही। बांग्लादेश ने दूसरे स्थान पर रहकर अगले दौर में प्रवेश किया। श्रीलंका ने बांग्लादेश को छह विकेट से पराजित किया और फिर उसके बाद हांगकांग और अफगानिस्तान को क्रमशः चार और छह विकेट से हराया। श्रीलंका की बल्लेबाजी का हालांकि अचानक पतन हो जाता है जैसा कि हांगकांग के खिलाफ हुआ था जब पथुम निसांका के अर्धशतक के बाद वह एक समय हार के कगार पर पहुंच गया था। श्रीलंका के लिए कमजोर मध्यक्रम मुख्य चिंता का विषय है। निसांका ने श्रीलंका के लिए बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन मैचों में दो अर्द्धशतकों सहित 124 रन बनाए है। श्रीलंका को उनसे फिर से अच्छी शुरुआत की दरकार होगी। पहले दो मैच में असफल रहने के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने अफगानिस्तान के खिलाफ 52 गेंदों पर 74 रन की आक्रामक पारी खेली, जिससे श्रीलंकाई टीम काफी खुश होगी।

# भारत ने ओमान को 21 रन से हराया, सुपर-4 में पाकिस्तान से भिड़ंत



**अबुधाबी :** एशिया कप के ग्रुप चरण के अंतिम मुकाबले में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी रणनीतिक सोच और नेतृत्व क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में सभी खिलाड़ियों को मौका देकर टीम का आत्मविश्वास बढ़ाया। नतीजा रहा कि भारत ने शुक्रवार को ओमान को 21 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सुपर-4 चरण में पाकिस्तान से होने वाले अहम मुकाबले से पहले मनोबल मजबूत किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने आठ विकेट पर 188 रन बनाए। उपकप्तान शुभमन गिल भले ही असफल रहे, लेकिन संजू सैमसन ने शीर्ष क्रम में खेलते हुए 45 गेंदों पर 56 रन की उपयोगी पारी खेली, जिसमें तीन चौके और तीन छक्के शामिल थे। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने फिर से आक्रामक शुरुआत दिलाते हुए 15 गेंदों पर 38 रन बनाए। इसके बाद तिलक वर्मा (29 रन), अक्षर पटेल (26 रन) और हर्षित राणा (नाबाद 13 रन, आखिरी गेंद पर छक्का) ने स्कोर को प्रतिस्पर्धी बनाने में अहम योगदान दिया। ओमान की टीम पहली बार मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ खेल रही थी। कप्तान जतिंदर सिंह (32), आमिर कलीम (64 रन, 46 गेंद) और हम्माद मिर्जा (51 रन, 34 गेंद) ने संघर्षपूर्ण पारियां खेलीं, लेकिन लक्ष्य से पीछे रह गए। ओमान की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट पर 167 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने एक-एक विकेट झटके। इस मैच की खासियत रही कि कप्तान सूर्यकुमार ने खुद को बल्लेबाजी क्रम में 11वें नंबर पर धकेल दिया और बाकी खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी। गेंदबाजी में भी उन्होंने आठ विकल्प आजमाए। उनके इस प्रयोग से साफ हो गया कि वह बड़े मुकाबलों से पहले हर खिलाड़ी की क्षमता को परखना चाहते हैं। खिलाड़ियों को क्रीज पर पर्याप्त समय देने की यह रणनीति पाकिस्तान के खिलाफ अहम साबित हो सकती है। भारतीय ड्रेसिंग रूम में इस जीत के बाद सकारात्मक माहौल है। युवा खिलाड़ियों को मिले अवसर और सीनियर खिलाड़ियों का सहयोग टीम संतुलन को और मजबूत कर रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला हमेशा रोमांचक रहा है, और टीम प्रबंधन चाहेगा कि इस बार भी खिलाड़ी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से जीत सुनिश्चित करें। भारतीय टीम अब रविवार को दुबई में सुपर-4 चरण का पहला मैच चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगी, जिस पर पूरे एशिया की निगाहें टिकी होंगी।

## विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली वनडे श्रृंखला जीत की कोशिश में भारत



**नई दिल्ली:** दूसरे मैच में रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज़ भारतीय महिला क्रिकेट टीम शनिवार को तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के निर्णायक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इतिहास रचने उतरेगी। यह मौका होगा जब टीम पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला जीत सकती है। पहले मैच में हार के बाद हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम ने दूसरे मुकाबले में 102 रन से शानदार जीत हासिल की थी। यह ऑस्ट्रेलिया पर 12 मैचों में भारत की पहली जीत थी। हालांकि फील्डिंग की कमजोरियां अब भी टीम के सामने चुनौती हैं। तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर और क्रांति गौड़ की दमदार गेंदबाजी तथा स्मृति मंधाना की बेहतरीन बल्लेबाज़ी टीम की मजबूती बनी हुई है। तीसरे तेज़ गेंदबाज के रूप में अरुंधति रेड्डी का शामिल होना भी कारगर रहा है। बल्लेबाज़ी क्रम में मंधाना के अलावा हरमनप्रीत, हरलीन देओल और ऋचा घोष से भी बड़े प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। दूसरी ओर आठ बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया हार के बाद वापसी को बेताब है। उसकी कप्तान एलिसा हीली ने माना कि पिछले मैच में उनकी टीम हर विभाग में असफल रही। ऑस्ट्रेलिया टीम को सलामी बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड की वापसी की उम्मीद है। यह निर्णायक मुकाबला दोनों टीमों के लिए विश्व कप से पहले तैयारी की बड़ी कसौटी साबित होगा।

# उम्मीद नहीं थी कि सत्र का अंत ऐसा होगा, लेकिन दमदार वापसी करूंगा: नीरज चोपड़ा

**नयी दिल्ली:** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहना उनके लिए सत्र के अंत की उम्मीद के अनुरूप नहीं था लेकिन वह ब्रेक के बाद दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछली बार के चैंपियन चोपड़ा गुरुवार को तोक्यो में 84.03 मीटर ही भाला फेंक सके और पांचवें दौर के बाद बाहर हो गए। इस दौरान वह पीठ दर्द से परेशान रहे। उन्होंने बाद में खुलासा किया कि पीठ की समस्या इस महीने की शुरुआत से ही उन्हें परेशान कर रही थी, लेकिन वह इसे अपने खराब प्रदर्शन का कारण नहीं बताना चाहते थे। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण कर रहे सचिन यादव की सराहना की, जिन्होंने 86.27 मीटर की शानदार थ्रो के साथ उनसे बेहतर प्रदर्शन किया और चौथे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने एक्स



पर लिखा, 'मैंने तोक्यो में विश्व चैंपियनशिप के साथ सत्र का इस तरह से अंत करने की उम्मीद नहीं की थी। मैं सभी चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था, लेकिन वह मेरा दिन नहीं था।'' उन्होंने कहा, 'मैं सचिन के लिए बहुत खुश हूं, जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह लगभग पदक जीत ही गए थे।' स्वर्ण पदक त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वाल्कोट (88.16 मीटर) को मिला। उनके बाद ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन (86.67 मीटर) का स्थान रहा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्षीय चोपड़ा ने अधिक मजबूती हासिल करके दमदार वापसी करने का वादा किया।

## विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया दौरा करेगी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

**नयी दिल्ली:** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम इस साल के आखिर में होने वाले एफआईएच विश्व कप से पहले पांच मैचों की श्रृंखला खेलने आस्ट्रेलिया जायेगी और कोच तुषार खांडेकर ने कहा कि इससे उन्हें कमजोरियों पर काम करने में मदद मिलेगी। भारतीय टीम 26 सितंबर से दो अक्टूबर तक कैनबरा में यह श्रृंखला खेलेगी। पहले तीन मैच आस्ट्रेलिया के खिलाफ 26, 27 और 29 सितंबर को होंगे जबकि बाकी दो मैच कैनबरा चिल क्लब के खिलाफ 30 सितंबर और दो अक्टूबर को खेले जायेंगे। खांडेकर ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा ,'हम आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने के इस मौके लिये शुक्रगुजार हैं। इस श्रृंखला से खिलाड़ियों को अनुभव मिलेगा और पता चलेगा कि किन पहलुओं पर काम करने की जरूरत है। इससे साल के आखिर में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिये तैयारी में मदद मिलेगी।'

## सात्विक . चिराग सेमीफाइनल में, सिंधू चाइना मास्टर्स से बाहर

**शेनझेन:** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि पीवी सिंधू विश्व की नंबर एक खिलाड़ी कोरिया की आन से यंग के खिलाफ महिला एकल क्वार्टर फाइनल में सीधे गेम में हार गई। हाल ही में पेरिस में विश्व चैम्पियनशिप में दूसरा कांस्य जीतने वाले और हांगकांग ओपन में उपविजेता रही दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी सात्विक और चिराग ने चीन के रेन शियांग यू और शिये हाओनान को 21 . 14, 21 . 14 से हराया। सात्विक ने जीत के बाद कहा ,'' यहां काफी सहज लग रहा था। हमारा लक्ष्य खेल पर फोकस रखने का था। हम जिस तरह से खेल रहे हैं, बहुत अच्छा लग रहा है। लगातार मैचों में खुलकर खेल पा रहे हैं।' वहीं चिराग ने कहा ,'हमने शुरू ही से उन पर दबाव बना दिया और उबरने का मौका ही नहीं दिया। हमारी टीम मजबूत है लेकिन हमने शुरू ही से चीजों को सरल रखकर बढत



बनाने की रणनीति अपनाई और उसमे कामयाब रहे।'' इस समय विश्व रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक से हो सकता है। इससे पहले दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली 23 वर्षीय कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 38 मिनट में 14-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू की आन के खिलाफ यह लगातार आठवीं हार थी। वह कोरिया की खिलाड़ी के खिलाफ अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई हैं। उन्होंने कहा ,'' पिछला सप्ताह मेरे लिये अच्छा नहीं रहा लेकिन यहां क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना सकारात्मक है। अब इस लय को कायम रखने की जरूरत है।'' सिंधू की शुरुआत खराब रही और वह पहले गेम में एक समय 1-6 से पीछे चल रही थीं, लेकिन बाद में उन्होंने स्कोर 5-9 कर लिया। आन ने हालांकि ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बना ली।

# यूपी/बिहार/झारखंड/राजस्थान

## यूरेनियम संपन्न झारखंड परमाणु हथियार निर्माण में योगदान दे सकता है : मुख्यमंत्री सोरेन



**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में यूरेनियम की बहुतायत है और यह परमाणु हथियारों के निर्माण में महत्व-पूर्ण योगदान दे सकता है। सोरेन ने यहां आयोजित 'डिफेन्स ईस्ट टेक' संगोष्ठी में कहा कि राज्य सरकार रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए केंद्र के साथ पूरा सहयोग करने को तैयार है। सोरेन ने कहा, ''झारखंड यूरेनियम से समृद्ध है और परमाणु हथियार निर्माण में यो-गदान दे सकता है। राज्य सरकार रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र के साथ पूरा सहयोग करने को तैयार है।'' परमाणु हथियारों के निर्माण के लिए यूरेनियम एक महत्वपूर्ण घटक है। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'रक्षा क्षेत्र में आप कोई नया आयाम जोड़ना चाहते हैं तो आप सभी लोग सरकार की तरफ़ से बिल्कुल अपनी चिंताए छोड़ दीजिए। सरकार के साथ वार्ता कीजिए, हर तरीक़े का, हर तरह से सहयोग करने के लिए हम तैयार हैं।' उन्होंने कहा, 'आज बहुत सौभाग्य की बात भी है कि यहां प्रमुख रक्षा अध्यक्ष भी उपस्थित हैं। और मुझे लगता है कि रक्षा क्षेत्र में उद्योग को बढ़ावा देने में इनका प्रयास जारी रहेगा। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में यहां के उद्योग भी इस क्षेत्र में शामिल होंगे तथा यह कारवां बढ़ता चले जाएगा।' रक्षा प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी 'ईस्ट टेक 2025' आज यहां खेलगांव स्टेडियम में शुरू हुई।

## मुकेश अंबानी ने गयाजी में पिंडदान किया



**गयाजी:** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को बिहार के गयाजी स्थित विष्णुपद मंदिर में अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। अरबपति उद्योगपति शाम को अपने बेटे अनंत अंबानी के साथ शहर में पहुंचे। मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल ने कहा, ''मुकेश अंबानी ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए फल्गु नदी के तट पर और विष्णुपद मंदिर में पिंडदान और जल तर्पण किया।'' इस साल छह सितंबर से पितृ पक्ष शुरू हुआ है। पितृ पक्ष के दौरान गयाजी में पितृ पूजा और पिंडदान करना बेहद शुभ माना जाता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इससे पितृ दोष से मुक्ति मिलती है और पूर्वजों को जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिलती है। हर साल पितृ पक्ष के दौरान बड़ी संख्या में हिंदू भक्त विष्णुपद मंदिर में ये अनुष्ठान करने आते हैं। अधिकारियों ने बताया कि अंबानी के दौरे को देखते हुए शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विश्व शक्ति बनाने का काम संभव कर दिखाया : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**मथुरा:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि खुद को धर्मनिरपेक्ष बताने वाली केंद्र की पिछली सरकारें भारत को विश्व शक्ति बनाने में नाकाम रहीं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे संभव कर दिखाया। योगी ने कहा, 'पिछले 11 साल में हमने भारत को बदलते देखा है। पिछली सरकारों के लोग, जो खुद को धर्मनिरपेक्ष कहते थे, अपनी सरकारों में भारत को विश्व शक्ति बनाने के लिए असंभव शब्द जोड़ देते थे। इस असंभव को पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभव कर दिखाया है, जिन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के मंत्र को आत्मसात किया है।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेले को संबोधित कर रहे थे।



योगी ने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए कहा, पिछली सरकारों में भारत को ताकतवर बनाने की दिशा में 'असंभव' शब्द जुड़ा था। उत्तर प्रदेश की स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि आजादी के समय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला राज्य 2017 तक देश की आठवीं अर्थव्यवस्था बनकर रह गया। लेकिन 'डबल इंजन' सरकार ने सूबे को फिर से देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प पूरा किया। मुख्यमंत्री ने कहा, कश्मीर को कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने देश के लिए 'नासूर' बना दिया था। कभी लोग कहते थे कि धारा 370 हटाना असंभव है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इसे संभव कर दिखाया। इसी तरह राममंदिर को लेकर जो संकल्प था, वह भी मोदी सरकार ने पूरा किया। उन्होंने कहा, याद कीजिए लोग कहते थे कि क्या कश्मीर से अनुच्छेद 370 कभी हट पाएगा लेकिन आज उसे भारत का अभिन्न अंग बनाने का महान काम किया जा चुका है। योगी ने कहा कि पंडित दीन दयाल जी का मंत्र था कि भारत की अर्थनीति का आधार स्वदेशी होना चाहिए और यही कारण है कि आज एक जिला एक उत्पाद योजना और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान से लाखों कारीगरों व शिल्पकारों को रोजगार मिला है। उन्होंने लोगों से आने वाले त्योहारों में केवल स्वदेशी उत्पादों का ही उपहार देने की अपील की।

## राजस्थान: मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई कोटा की फीस कम करने सहित कई फैसलों को मंजूरी



बैठक के बाद फैसलों की जानकारी देते जोगाराम पटेल और प्रेमचंद बैरवा

**जयपुर:** राजस्थान मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी (राजमेस) के मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई कोटा की फीस कम करने, दिवंगत कर्मचारियों के माता-पिता व दिव्यांग संतान के लिए पारिवारिक पेंशन के प्रावधानों के सरलीकरण सहित कई फैसलों को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में विश्व स्तरीय खेल प्रतिभाएं तैयार करने के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी जयपुर विधेयक लाने को भी मंजूरी दी गयी। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बैठक के बाद यह जानकारी दी। बैरवा ने बताया कि बैठक में 'द महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी जयपुर विधेयक-2025' के प्रारूप को मंजूरी दी गयी। यह विधेयक, विधानसभा के आगामी सत्र में पेश किया जाएगा। वर्ष 2024-25 के बजट में प्रदेश में खेलों और शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा देते हुए प्रतिभाशाली युवाओं को आधुनिक उपकरणों के साथ वैज्ञानिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, विभिन्न खेलों के उच्चस्तरीय कोच एवं खेल विशेषज्ञ तैयार करने के लिए महार-णा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा की गई थी। डॉ. बैरवा ने बताया कि यह विश्वविद्यालय खेल विज्ञान, स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेन्स एनालिटिक्स पर शोध को बढ़ावा देगा, जिससे खेलों की गुणवत्ता और खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार आएगा।

## झारखंड: रांची के पास प्लास्टिक बनाने की एक फैक्टरी में लगी भीषण आग



**रांची:** झारखंड के रांची जिले में शुक्रवार को प्लास्टिक बनाने की एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना ओरमांझी थाना क्षेत्र के इरबा इलाके की है। आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं और अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने बताया, 'आग बुझाने के लिए तीन दमकल वाहनों को भेजा गया है लेकिन अब तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। आग लगने के कारण का पता अभी नहीं चल सका है।'

## झारखंड में दो ट्रकों की टक्कर में एक चालक की मौत

**हजारीबाग:** झारखंड के हजारीबाग जिले में दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर में एक चालक की जलने से मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना बृहस्पतिवार रात बरकट्ठा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोनरहरा खुर्द गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर हुई। टक्कर के बाद और दोनों वाहनों में आग लग गई। बरही उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अजीत कुमार विमल ने बताया, टक्कर के तुरंत बाद दोनों वाहन आग की लपटों में घिर गए। एक चालक की जलने से मौत हो गई, जबकि दूसरे वाहन का चालक बाहर निकल गया।

## झारखंड के गिरिडीह में कुएं से दो लड़कियों के शव मिले

**गिरिडीह (झारखंड):** झारखंड के गिरिडीह जिले में एक कुएं से दो स्कूली छात्राओं के शव बरामद किये गये। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बच्चियों की पहचान जाहिदा खातून (13) और गुलाबशा प्रवीण (14) के रूप में हुई है, जो सरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपग्रेडेड हाई स्कूल चिरुवा-कपिलो में आठवीं कक्षा में पढ़ती थीं। बगोदर सरिया के उप-मंडलीय अधिकारी धनंजय राम ने बताया, दोनों लड़कियां बृहस्पतिवार को स्कूल देर से पहुंचीं। एक शिक्षक ने उन्हें निर्देश दिया कि वे घर लौट जाएं और अभिभावकों के साथ वापस आएं। वे वहां से चली गईं लेकिन बाद में उनके शव एक कुएं में मिले।

## पंजाब में अंतरराज्यीय साइबर अपराध गिरोह में शामिल 38 गिरफ्तार

**फगवाड़ा (पंजाब):** पंजाब पुलिस ने एक रिसॉर्ट पर छापेमारी के दौरान अंतरराज्यीय साइबर अपराध गिरोह से जुड़े 38 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह छापेमारी बृहस्पतिवार रात कपूरथला साइबर अपराध शाखा और फगवाड़ा शहरी पुलिस थाने की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से की गई। गिरफ्तार आरोपियों में कुछ महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्हें बस से कपूरथला ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि ये आरोपी पंजाब, नयी दिल्ली, नगालैंड, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, ओडिशा, झारखंड और महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह समूह अमेरिका और कनाडा में लोगों को सॉफ्टवेयर समाधान देने के बहाने ठग रहा था। वे लोगों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को 'हैक' कर लेते थे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत, एक व्यक्ति घायल

**भदोही:** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर शुक्रवार को तेज रफ्तार एक कार की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गोपीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार राय ने बताया कि यह दुर्घटना गेराई पावर हाउस के पास उस समय हुई, जब कार ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मारी। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान नचना देवी (65) और रोहित सरोज (25)के रुप में हुई जबकि महिला का भतीजा तूफानी प्रजापति (35) दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया।

## उत्तर प्रदेश: चार साल की बच्ची का यौन शोषण, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

**बदायूं:** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में चार वर्षीय बच्ची का कथित तौर पर यौन शोषण करने के लिए एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी है। पुलिस के अनुसार, फैजगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाली बच्ची, गांव के ही एक प्राथमिक स्कूल में पहली कक्षा की छात्रा है। पुलिस ने बताया कि बच्ची बृहस्पतिवार को स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर वापस आ रही थी कि तभी एक अज्ञात व्यक्ति उसे पकड़ कर ले गया और सुनसान जगह पर उसका यौन शोषण किया। पुलिस के मुताबिक, बच्ची ने घर पहुंचकर अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही गांव और क्षेत्र के लोग थाने पहुंच गये और थाने का घेराव किया।

## जय बाबा ब्राह्मण वाला धाम में 25 सितम्बर को होगा भव्य भंडारा, कीर्तन व भूमि पूजन

**भिवानी (राजपुरा खरकड़ी):** गांव राजपुरा खरकड़ी स्थित जय बाबा ब्राह्मण वाला धाम में 25 सितम्बर (गुरुवार) को देशी घी भंडारा, कीर्तन, भूमि पूजन व हवन का भव्य आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रवक्ता सुरेश शर्मा ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर पूरे गांव में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। भारी संख्या में साधु-संतों और श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए गांववासी मिलकर व्यवस्थाओं में जुटे हैं। समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। समिति ने सभी ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर जय बाबा ब्राह्मण वाला धाम के भव्य आयोजन को सफल बनाएं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### दिल्ली विधानसभा पुस्तकालय में प्रधानमंत्री मोदी को समर्पित विशेष दीर्घा का उद्घाटन

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा पुस्तकालय परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्पित एक विशेष पुस्तक दीर्घा का शुक्रवार को उद्घाटन किया। गुप्ता ने कहा कि विशेष दीर्घा एक छत के नीचे की गई एक व्यापक पहल है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायक जीवन और उल्लेखनीय शासन को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि इस दीर्घा में मोदी की ओर से लिखी गई किताबें और उनके जीवन, शासन एवं 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण पर आधारित अन्य लेखकों की कृतियां शामिल की गई हैं। गुप्ता ने दिल्ली के लोगों से आग्रह किया कि वे मोदी पर आधारित कोई भी पुस्तक दान करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इन पुस्तकों को दीर्घा में शामिल किया जाएगा।

### राष्ट्रपति मुर्मू शनिवार को बिहार के गया जी के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को बिहार के गया जी के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगी। यह जानकारी राष्ट्रपति कार्यालय ने दी है। वह वहां श्री विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल (20 सितंबर, 2025) श्री विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए बिहार के गया जी जाएंगी।

### बम की धमकी के कारण इंडिगो का विमान आपात स्थिति में चेन्नई में उतारा गया

**चेन्नई :** मुंबई से थाईलैंड के फुकेत जा रहे इंडिगो के एक विमान को बम की कथित धमकी के बाद चेन्नई हवाई अड्डे पर आ-पातकालीन स्थिति में उतारा गया। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सीआईएसएफ कर्मियों और हवाई अड्डे पर मौजूद अधिकारियों ने उड़ान की जांच की और धमकी को अफवाह करार दिया। उन्होंने बताया कि आगे की जांच जारी है। एयरलाइन ने कहा, ''मुंबई से 19 सितंबर को फुकेत जा रही इंडिगो की उड़ान 6ई 1089 को विमान में सुरक्षा संबंधी खतरे के कारण मार्ग परिवर्तित करके चेन्नई भेज दिया गया।'' स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार, संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित कर दिया गया और चेन्नई में उड़ान की आवश्यक सुरक्षा जांच की जाएगी।

### रूस ने भारत में बड़े और छोटे परमाणु संयंत्रों के स्थानीयकरण की पेशकश की

**मॉस्को :** रूस ने भारत को दोनों देशों के बीच असैन्य परमाणु ऊर्जा सहयोग के तहत बड़े और छोटे परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के स्थानीयकरण में सहयोग की पेशकश की है। शुक्रवार को इसकी घोषणा की गई। रूस वर्तमान में तमिलनाडु में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) का निर्माण कर रहा है। सरकारी परमाणु ऊर्जा निगम रोसाटॉम के अनुसार, इसके महानिदेशक एलेक्सी लिखाचोव ने 15-20 सितंबर को वियना में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के 69वें वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अपनी बैठक के दौरान यह प्रस्ताव रखा।

### मुंबई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने 20 करोड़ रुपये मूल्य का 'हाइड्रोपोनिक गांजा' जब्त किया

**मुंबई :** मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर तीन अलग-अलग मामलों में 20 करोड़ रुपये मूल्य का 'हाइड्रोपोनिक गांजा' और 26.37 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त की है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि ये बरामदगी और गिरफ्तारियां बुधवार व बृहस्पतिवार के बीच में पड़ने वाली रात्रि को की गईं। पहले मामले में, मुंबई से बैंकॉक जा रहे एक यात्री को रोका गया और उसके चेक-इन ट्रॉली बैग में छिपाई गई विदेशी मुद्रा बरामद की गई। अधिकारी ने बताया कि

# राहुल गांधी जानबूझकर और योजना के तहत लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं: रविशंकर



**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर चुनाव आयोग के खिलाफ 'वोट चोरी' के आरोप लगाने को लेकर शुक्रवार को तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि गांधी जानबूझकर और योजनाबद्ध तरीके से देश में लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दावों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। वह योजनाबद्ध और सुनियोजित ढंग से लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को राहुल गांधी द्वारा 'एक्स' पर चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए 'वोट चोरी' संबंधी आरोपों का जिक्र करते हुए प्रसाद ने कहा, उन्होंने लिखा कि युवा, छात्र और 'जनरेशन ज़ेड' संविधान बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी रोकेंगे। इसका क्या मतलब है? वह देश में हिंसा को बढ़ावा देना चाहते हैं.. यह बेहद निंदनीय है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि गांधी लगातार सरकार और संवैधानिक संस्थाओं पर झूठे, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष जैसे गरिमामय पद की मर्यादा को भी गिरा रहे हैं। प्रसाद ने कहा कि चुनाव आयोग के खिलाफ राहुल गांधी का बार-बार आरोप लगाना यह दर्शाता है कि कांग्रेस को भारतीय लोकतंत्र पर विश्वास नहीं है। राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि 2023 में कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में सॉफ़्टवेयर के माध्यम से वोटरों के नाम हटाए गए और फर्जी आवेदन किए गए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रसाद ने कहा, मैं राहुल गांधी को सलाह देता हूं कि वे आरोप लगाने से पहले सही होमवर्क करें। चुनाव आयोग इस मामले की 2023 में ही जांच कर चुका है और जिन सवालों को वे आज उठा रहे हैं, उनका जवाब आयोग पहले ही दे चुका है।

### सन 1965 के युद्ध में तत्कालीन प्रधानमंत्री शास्त्री ने निर्णायक नेतृत्व प्रदान किया: राजनाथ

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1965 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और भारतीय सैनिकों की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह राष्ट्र की ताकत की परीक्षा थी। सिंह ने कहा कि शास्त्री जी के दृढ़ इच्छाशक्ति वाले नेतृत्व के कारण ही भारत 1965 में अनिश्चितता और चुनौतियों का सामना करने में सफल रहा, क्योंकि उन्होंने न केवल निर्णायक राजनीतिक नेतृत्व प्रदान किया, बल्कि पूरे राष्ट्र का मनोबल भी बढ़ाया। रक्षा मंत्री एक कार्यक्रम में 1965 के युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों और शहीद नायकों के परिजनों के साथ बातचीत कर रहे थे। इस बात पर जोर देते हुए कि भारतीयों ने बार-बार यह साबित किया है कि देश अपना भाग्य स्वयं बनाता है, सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को इस दृढ़ संकल्प का एक शानदार उदाहरण बताया।

## सोनिया, प्रियंका ने वायनाड में कॉफी किसानों की समस्याएं सुनीं



**वायनाड (केरल) :** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और उनकी बेटी एवं सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को केरल के इस पहाड़ी जिले में कॉफी उत्पादकों से मुलाकात की और उद्योग के समक्ष मौजूद चुनौतियों के बारे में उनसे सीधे बात की। पार्टी सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुंडाले स्थित क्षेत्रीय कॉफी अनुसंधान स्टेशन के दौरे का उद्देश्य स्थानीय किसानों के समक्ष आ रही समस्याओं को समझना था, जो जलवायु परिवर्तन, बढ़ती उत्पादन लागत और अन्य मुद्दों से जूझ रहे हैं। दोनों सांसदों को अनुसंधान सुविधा का दौरा कराया गया। स्टेशन के संयुक्त निदेशक डॉ. एम. करुथामणि, उप निदेशक डॉ. रुद्रगौड़ा और बसवराज चुलकी ने उनका स्वागत किया। राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी अपने बेटे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ शुक्रवार को यहां पहुंचीं, जबकि वायनाड संसदीय क्षेत्र से सांसद वाद्रा पिछले कुछ समय से इस क्षेत्र का दौरा कर रही हैं।

## एशिया की पहली महिला लोकोपायलट सुरेखा यादव 36 साल की सेवा के बाद होंगी सेवानिवृत्त



**मुंबई :** समस्त बाधाओं को पार करते हुए एशिया की पहली महिला लोकोपायलट बनने वाली सुरेखा यादव 36 साल की सेवा के बाद इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त होने वाली हैं। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यादव की 1989 में भारतीय रेलवे में भर्ती हुई और वह अगले वर्ष सहायक चालक बनीं और उन्होंने एशिया की पहली महिला ट्रेन चालक बनकर इतिहास रच दिया। महाराष्ट्र के सतारा जिले में जन्मीं यादव ने रेलवे से जुड़ने से पहले इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया और पुरुष-प्रधान क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ती गईं।

## मोदी ने काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारियों के लिए 12,000 रुपये की विशेष चप्पलें खरीदीं: ठाकुर

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारियों के लिए भांग के रेशे से पारंपरिक रूप से हस्तनिर्मित चप्पलें (पुल्ला या पूहल) खरीदने के लिए दो महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को अपने खाते से 12-12 हजार रुपये दिये। ठाकुर ने कहा, ''मुझे प्रधानमंत्री का फोन कॉल आया और उन्होंने हिमाचल में बने 'पुल्ला' के बारे में पूछताछ की। उन्होंने बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर की अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने पाया कि पुजारी कड़ाके की ठंड में नंगे पैर पूजा कर रहे थे, क्योंकि मंदिर के अंदर जूते-चप्पल ले जाने की अनुमति नहीं थी। हालांकि, 'पुल्ला' पहनने की अनुमति है क्योंकि उन्हें 'शुद्ध' माना जाता है। उन्होंने पुजारियों के लिए ये चप्पलें भेजने की इच्छा जताई।'' अपने सिराज निर्वाचन क्षेत्र में 'पुल्ला' बनाने वाले दो स्वयं सहायता समूहों के बारे में जानकारी मिलने के बाद ठाकुर ने उनके साथ मिलकर चप्पलें तैयार कराने का काम शुरू कराया। उन्होंने तैयार उत्पादों को एकत्र किया और बिना बिल दिए उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय भेजने की व्यवस्था की। ठाकुर ने कहा, ''जब प्रधानमंत्री को 'पुल्ला' मिला, तो उन्होंने मुझे फोन किया और बिल के बारे में पूछा। मैं अनिच्छुक था और मैंने पूछा कि क्या यह जरूरी है। इस पर उन्होंने कहा, इसे भेज दीजिए, मैं इसके लिए दोबारा नहीं कहूंगा।''



## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो विद्यार्थियों सहित तीन लोगों की मौत, दो छात्राएं घायल

**सोनभद्र :** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में शुक्रवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो छात्रों सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो छात्राएं घायल हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घायल छात्राओं में एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर कुमार मिश्रा ने बताया कि चोपन थानाक्षेत्र के नौटोलिया गांव में एक पब्लिक स्कूल में बच्चे क्लास रूम में पढ़ रहे थे कि तभी तेज आवाज में बिजली गिरने से दीपक (13) और अरविंद (आठ) की मौत हो गई जबकि रेखा गुप्ता (14) गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्होंने बताया कि विद्यालय के पास ही सर्वजीत (60) की भी बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों एवं घायलों को तय सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षाधिकारी द्वारा संबंधित विद्यालय की भी जांच कराई जाएगी कि विद्यालय के संचालन में मानकों का पालन हो रहा था या नहीं।




दिल्ली छात्र संघ चुनाव में लहराया भगवा परचम, 4 में से 3 सीटों पर एबीभीपी का कब्जा, शाह ने दी बधाई

## मणिपुरः मूल निवासियों की भूमि नहीं खरीद सकेंगे बाहरी व्यक्ति, बैनामे पर लगी रोक

**इंफाल :** मणिपुर सरकार ने मूल निवासियों से बाहरी व्यक्तियों के नाम पर भूमि हस्तांतरण के लिए दस्तावेज के पंजीकरण (बैनामे) पर रोक लगा दी है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। हालांकि, सरकार ने किसी मूल निवासी व्यक्ति (आदिवासी) से किसी गैर-स्थानीय निवासी व्यक्ति के नाम भूमि हस्तांतरित किये जाने से संबंधित दस्तावेज के पंजीकरण की अनुमति इस शर्त पर दी है कि भूमि खरीदार बाहरी व्यक्ति राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए। राज्य सरकार की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक अधिसूचना में भूमि संसाधन विभाग ने कहा, ''किसी मूल निवासी व्यक्ति से किसी बाहरी व्यक्ति को भूमि हस्तांतरण (उपहार, बिक्री या बंधक द्वारा) के लिए कोई भी दस्तावेज पंजीकृत नहीं किया जाएगा।'' लेकिन अधिसूचना के अनुसार इस प्रतिबंध में एक अपवाद भी है। बाहरी व्यक्तियों के नाम पर जमीन के हस्तांतरण पर प्रतिबंध के बावजूद, इस तरह के हस्तांतरण के पंजीकरण की अनुमति इस शर्त पर दी जा सकती है कि जिस व्यक्ति के नाम पर भूमि हस्तांतरण (उपहार, बिक्री या बंधक द्वारा) किया जा रहा है वह व्यक्ति मणिपुर राज्य का स्थायी निवासी हो।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर बनी फिल्म हुई रिलीज




**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित फिल्म 'अजेय: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' आखिरकार शुक्रवार को देशभर में रिलीज हो गई। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की आपत्तियों के कारण फिल्म की रिलीज में देरी हुई। मूल रूप से जमशेदपुर के निवासी और अमेरिका में रहने वाले व्यवसायी व निर्माता अजय मेंगी ने बताया, फिल्म को शानदार प्रतिक्रिया मिली है। 'महारानी' (सीजन 2) और 'इक्कीस तोपों की सलामी' के लिए मशहूर रवींद्र गौतम द्वारा निर्देशित यह फिल्म शांतनु गुप्ता की किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' पर आधारित है। उत्तर प्रदेश में यह फिल्म लगभग 150 स्क्रीन पर दिखाई जा रही है। लखनऊ और वाराणसी के सिनेमाघरों से मिली खबरों के अनुसार, दर्शक फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान उत्साह से 'योगी-योगी' और 'जय श्री राम' के नारे लगा रहे थे। राज्य की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर नगर विस्तार स्थित एक मल्टीप्लेक्स में भी दर्शक 'योगी बाबा जिंदाबाद' के नारे लगाते दिखाई दिए।

## आरेडिका, रायबरेली में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान

**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) चिकित्सालय में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाना है। 17 सितम्बर को स्वस्थ अल्पाहार प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती आभा जैन ने पौधा भेंट कर पर्यावरण और स्वास्थ्य संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में श्रीमती मेघना के. आर. प्रथम, श्रीमती रिया चक्रवर्ती द्वितीय और श्रीमती गरिमा श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहीं। डॉ. भूमिका सिंह ने संतुलित आहार पर व्याख्यान देते हुए असंतुलित खानपान से जुड़ी समस्याओं पर प्रकाश डाला। 18 सितम्बर को टेंडर पाम हॉस्पिटल, लखनऊ के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हुआ, जिसमें 164 मरीजों की जांच के साथ पाँच पीएपी-सीमर और 28 बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट किए गए। 19 सितम्बर को स्पाइन हेल्थ विषय पर डॉ. अजय जवाहर ने महिलाओं में रीढ़ संबंधी रोगों और उनके निवारण पर चर्चा की। फिटनेस को बढ़ावा देने हेतु वॉकथॉन और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। 50 वर्ष से अधिक और कम आयु वर्ग में विजेताओं को सम्मानित किया गया। अभियान ने महिलाओं में स्वास्थ्य, सहभागिता और आत्मविश्वास की नई ऊर्जा जगाई।



कोच्चि: भारतीय तटरक्षक बल ने लक्षद्वीप के अगत्ती द्वीप से हृदय रोग से पीड़ित 3 दिन के नवजात शिशु को उपचार के लिए एयरलिफ्ट किया।

## राहुल नेतृत्व की विफलताओं को स्वीकार करें: रीजीजू

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संस्थाओं पर निशाना साधने के बजाय अपनी बार-बार की चुनावी हार की जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब एक दिन पहले ही गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरी करने वालों को संरक्षण देने का आरोप लगाया था और दावा किया था कि कर्नाटक में मतदाता सूची से कांग्रेस मतदाताओं के नाम व्यवस्थित तरीके से हटाए जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने आरोपों को गलत और निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि उचित प्रक्रिया के बिना वोटों को हटाया नहीं जा सकता। रीजीजू ने यहां फिक्की एफएलओ के एक कार्यक्रम से इतर कहा, अगर आप बार-बार चुनाव हारते हैं, तो आपको अपनी कमजोरियों और अपने नेतृत्व की विफलता को स्वीकार करना चाहिए। लेकिन इसके बजाय, आप संस्थाओं को दोष देना शुरू कर देते हैं। क्या यह सही तरीका है? केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में विपक्ष के नेता पर अपनी विफलताओं से ध्यान हटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। रीजीजू ने कहा, अपनी चुनावी असफलताओं को छुपाने के लिए राहुल गांधी किसी अन्य संस्था को निशाना नहीं बना सकते या ध्यान भटका नहीं सकते।

## सिख प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री मोदी को 'जोड़े साहिब' के सुरक्षित रखरखाव के लिए सिफारिशें सौंपी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी सहित एक सिख प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गुरु गोविंद सिंह और उनकी पत्नी की पादुकाओं 'जोड़े साहिब' के सुरक्षित रखरखाव और उपयुक्त प्रदर्शनी के लिए सिफारिशें सौंपी। मोदी ने कहा कि ये पवित्र निशानियां आने वाली पीढ़ियों को सिखों के 10वें और अंतिम गुरु द्वारा दिखाये गए साहस, धर्म, न्याय और सामाजिक सद्भाव के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेंगी। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'जोड़े साहिब' जैसे अहम और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण पवित्र निशानियां, गौरवशाली सिख इतिहास का उतना ही हिस्सा हैं जितना कि वे राष्ट्र के सांस्कृतिक लोकाचार की हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे सिख प्रतिनिधिमंडल के प्रतिष्ठित सदस्यों का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हुई, जिन्होंने श्री गुरु गोविंद सिंह जी और माता साहिब कौर जी के अत्यंत पवित्र 'जोड़े साहिब' के सुरक्षित रखरखाव और उपयुक्त प्रदर्शनी के संबंध में अपनी सिफारिशें सौंपी।''

### त्रिपुराः पांच बांग्लादेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजा जाएगा

**अगरतला :** त्रिपुरा के गोमती जिले में हाल ही में हिरासत में लिए गए पांच बांग्लादेशी कामगारों को उनके देश वापस भेज दिया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए बांग्लादेशी नागरिकों ने दावा किया है कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही भारतीय सीमा में प्रवेश किया था और जिले के आरके पुर थाना क्षेत्र के महारानी इलाके में निर्माण और फर्नीचर के काम में लगे हुए थे। उदयपुर की उप-मंडलीय पुलिस अधिकारी देबांजलि रे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि महारानी इलाके में तलाशी के दौरान बृहस्पतिवार को पुलिस ने एक ऑटो-रिक्शा को रोका और बाद में संदेह के आधार पर पांच यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

## दिशा पाटनी के घर गोलीबारी मामले में पांचवां शूटर बरेली में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**बरेली :** फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के उत्तर प्रदेश में बरेली स्थित पैतृक घर पर गोलीबारी में शामिल पांचवें शूटर को शुक्रवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश के अलावा उसके एक साथी को भी गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने बताया कि बरेली में पुलिस के साथ मुठभेड़ में आरोपी रामनिवास के पैर में गोली लगी और उसके साथी अनिल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के बाद का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें रामनिवास हाथ जोड़कर जमीन पर लेटा हुआ है और पुलिस से कथित तौर पर कह रहा है, बाबा के यूपी में कभी नहीं आऊंगा सर। पुलिस ने आरोपी के पास से .32 बोर की एक पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए हैं। आर्य ने बताया कि पूछताछ के दौरान रामनिवास ने गोलीबारी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने शूटर विजय और नकुल को गिरफ्तार किया था, जो 11 सितंबर को पाटनी के घर पर हुई गोलीबारी में कथित रूप से शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि बागपत निवासी दोनों शूटरों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था और उन्हें वारंट पर बरेली लाया जाएगा।



॥ वंदे श्री ऋषभं वीरं ॥

SEVA • KNOWLEDGE • ECONOMIC EMPOWERMENT JITO

JITO KOLKATA

JITO CONNECT



ONE JAIN ~ ONE VOICE



क्षमोत्सव

मन, वचन, काया से मिच्छामि दुक्कड़म

Festival of Forgiveness

NETAJI INDOOR STADIUM

21st SEPTEMBER, 2025 | 9:30 AM

*Sannidhya*

PARAM PUJYA ACHARYA SHRI
108 PRAMUKH SAGARJI
MUNIRAJ SASANGH

TERAPANTH DHARAM SANGH KE
EKADASHAM ADHISASHTA ACHARYA MAHASHRAMAN
KE SHISHYA MUNI JINESH KUMARJI MAHARAJ SAHEB

SAUMYAVAKTA PARAM SHRADEY
DR ADARSHCHANDRAJI
MAHARAJ SAHEB

P.P. DR.CHANDNAJI MAHASATI JI
&
P.P. DR. SHRI AKSHAYJYOTI JI
MAHASATI JI ADI THANA 8

P.P. GANINI ARYIKA
105 SUYOGYA NANDINI MATAJI SASANGH

P.P. DR. PRIYARANJANA
SHREE JI ADI THANA 3

RASHTRASANT PARAM GURUDEV NAMRAHMUNI MAHARAJSAHEB
SUSISHIYA PARAM DIVYATAJI MAHASATIJI ADDI THANA -6

In Gracious Presence Of **JITO APEX TEAM**

***Chairman*** Prithviraj Kothari

***Vice Chairman*** Himanshu J Shah

***President*** Vijay Bhandari

***Vice-President*** Narendra Srisrimal

***Vice-President*** Kamlesh R Sojatia

***Secretary General*** Lalit Kumar Dangi

***Secretary*** Mahaveer Chaplot

***Secretary*** Sripal Bachawat

***Treasurer*** Sampat Raj Chaplot

***Joint Treasurer*** D K Jain

***JLW APEX Chairperson*** Sheetal Dugar

***JATF Advisor*** Vinod Dugar

***East Zone Chairperson*** Kalpana Baid

WELCOMED BY:

***Dharmendra Jain*** Chairman

***Sumit Kothari*** Chief Secretary

***Vivek Jain*** Treasurer

***Vice Chairman***
Nirmal Jain Bindayaka | CA Ratan Dugar | Rajendra Kr Jain

***Secretary***
Rishab Nahata | Shashi Dugar

***Jt Treasurer***
Sandeep Bucha

***Convenors***
Aditya Shyamsukha | Anuj Jain | Bhairo Dan Surana | Bijay Singh Jain (Bawalia) | Binod Sancheti
Deepak Bothra | Dinesh Jain (Gangwal) | Dinesh Sancheti | Kanak Kr Jain | Khilen Shah | Mehul Meghani | Rekha Tatia |
Sandeep Lalwani | Sandeep Singh Munot | Subhash Chand Bagra | Sushil Sethia | Vikram Singh Sethia

***Co-Convenors***
Abhishek Jain | Amar Gathani | Anuj Bagrecha | Hemal Meghani | Manish Jain | Naveen Bardia | Premal Mehta
Pulkit Kothari | Rajendra Kr Sethia | Sanjay Jyoti Kala | Vikash Baid | Vikash Kr Bothra

***Board Of Directors***
Amitabh Dassani | Anupam Baid | Dr Rakesh Binaykia | Jitendra Kr Mehta | Manish Dhariwal | Mukesh Jain
Narendra Kr Bachhawat | Rohit Surana | Rupi Jain | Smriti Mehta | Vikash Parakh

***JITO LADIES WING***
Dr. Sunita Sethia, Chairperson
CA. Komal Mehta, Chief Secretary

***JITO YOUTH WING***
Rishabh Sethia, Chairman
Anubhaw Jain, Chief Secretary

***Advisory Committee***
Sanjay Kr Jain | Sarvesh Jain (Patni) | Amit Kothari
Narendra Shyamsukha | Prakash Nahata | Rajesh Kr Bhutoria
Pankaj Kankaria | Bhaven Kamdar

***Marg Darshak Mandal***
Anil Kr Saraogi | Bhikham Chand Pugalia
Dinesh Jain (Patni) | Kamal Singh Rampuria
Pramod Baid | Surendra Kr Dugar

ALL ARE INVITED
ENTRY BY INVITE ONLY

SAKAL JAIN SAMAJ

Media Partner

युवा शक्ति | 91.9 friends fm Frequency Friends Ki | Waah! Zindagi


वर्ष 10, पूर्णांक 3363 अंक 173, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in